हरिभूमि
बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, गुरुवार 16 जुलाई 2026



### सुसाइड नोट में तबादला कराने वालों का जिक्र

# पहले चाकू से नस काटी, फिर फांसी लगाकर नगर निगम के सब इंजीनियर ने की खुदकुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

जगदलपुर से 4 माह पहले तबादले पर शहर आए नगर निगम के इंजीनियर ने चाकू से हाथ की कलाई की नस काटने के बाद बिजली के तार का फंदा बनाकर फांसी लगा ली, पुलिस ने मृतक के बिस्तर से सुसाइड नोट बरामद किया है, जिसमें जगदलपुर से तबादला कराने वालों का जिक्र किया गया है। पुलिस सुसाइड नोट व उनका मोबाइल जब्त कर मामले की जांच कर रही है।

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, जगदलपुर दंतेश्वरी वार्ड निवासी अमर सिंह चौहान पिता स्व. ईश्वर सिंह चौहान 44 साल बिलासपुर नगर निगम जोन क्रमांक 4 में सब इंजीनियर के पद पर पदस्थ थे। वे महाराणा प्रताप चौक नगर निगम कालोनी स्थित एक मकान में अकेले रह रहे थे। उनकी पत्नी बच्चे जगदलपुर में रह रहे हैं। रोज की तरह 15 जुलाई की सुबह श्री चौहान के घर साफ सफाई करने वाला कर्मचारी गया तो दरवाजा अंदर से बंद था। आवाज लगाने के बाद भी दरवाजा नहीं खेलने पर उसने कालोनी में रहने वाले अन्य कर्मचारियों को सूचना दी। उसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने कालोनी पहुंचकर दरवाजा खुलवाले का प्रयास किया। नहीं खुलने पर पुलिसकर्मी दरवाजा तोड़कर अंदर गए तो पंखे के हुक पर पीले रंग के वायर से फांसी पर लटकी लाश मिली। नीचे में टेबल गिरा हुआ था , उनके बांए हाथ की कलाई में चाकू से काटने के निशान थे। संभावना जताई जा रही है कि उन्होंने पहले कलाई की नस काटकर खुदकुशी करने की कोशिश की, सफल नहीं होने पर फांसी लगा ली है। कमरे की तलाशी लेने पर बिस्तर में तकिए के नीचे सुसाइड नोट व मोबाइल मिला है, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया है। परिजन शव लेकर जगदलपुर के लिए रवाना हो गए हैं।



मृतक



### 4 माह पहले तबादले पर आए थे

श्री चौहान 4 माह पहले जगदलपुर से तबादले पर शहर आए थे। हाल ही में उनका फिर से जगदलपुर तबादला हो गया था। उनके द्वारा लिए गए सुसाइड नोट में जगदलपुर से तबादला कराने वालों के नाम का जिक्र है। पुलिस सोसाइड नोट को गोपनीय रख रही है। सूत्रों के मुताबिक मृतक के द्वारा सोसाइड नोट में जगदलपुर से बिलासपुर उनका तबादला कराने वाले कुछ लोगों का नाम लिखा गया है और उन्हें कुछ होने पर उन्हें जिम्मेदार बताया है। यह भी लिखा है उनके परिवार को उक्त लोग ही पालेंगे। पत्नी व बच्चों से माफी मांगते हुए अपने मोबाइल को अपने पास में रखने का जिक्र किया है। पुलिस उसके आधार पर मामले की जांच में जुट गई है।

# अचानक उमड़े काले बादल, झमाझम बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

शहर में बदली व धूप के बीच बुधवार की दोपहर अचानक तेज बारिश होने लगी। बारिश इतनी तेज थी कि लोगों को जहां थे वहीं आसपास शरण लेनी पड़ी। हालांकि बारिश केवल बीस मिनट ही हुई, लेकिन इतनी बारिश से ही गर्मी से काफी निजात मिल गई।

बुधवार को शहर के मौसम में अचानक बदलाव देखा गया। सुबह दिन की शुरूआत तो धूप से हुई, लेकिन आसमान पर बादल भी छाते रहे। दोपहर दो बजे तक बारिश के कोई आसार नहीं नजर आ रहे थे। इधर दो बजे के बाद आसमान में काले बादलों का कब्जा हो गया और देखते ही देखते वातावरण अंधकारमय नजर आने लगा। दोपहर दो बजे के बाद अचानक तेज बारिश होने लगी। शहर के लोगों ने एकाएक तेज बारिश की उम्मीद नहीं की थी, जिससे सड़क पर आवागमन कर रहे लोगों को तेज बारिश से बचने सड़क किनारे ही दुकानों में शरण लेनी पड़ी।



हालांकि बारिश देर तक नहीं हुई, लेकिन बीस मिनट से आधे घंटे की बारिश से ही कई स्थानों पर पानी का जमाव हो गया था। बारिश के पहले तक उमस व गर्मी से परेशान शहर के लोगों को काफी राहत मिली। इस दौरान कई जगहों पर बिजली की सप्लाई भी बंद कर दी गई थी। तेलीपारा सरजू बगीचा क्षेत्र में दोपहर डेढ़ बजे से बिजली सप्लाई बंद थी, जो शाम छह बजे के बाद तक यथावत नहीं की जा सकी थी।






## महाप्रभु श्री जगन्नाथ
# रथयात्रा
## की हार्दिक शुभकामनाएं...




**नीलाचल निवासाय नित्याय परमात्मने।
बलभद्र सुभद्राभ्यां जगन्नाथाय ते नमः ॥**

इन मंत्रों का अर्थ है, "हे ब्रह्मांड के स्वामी, हे नित्य और सर्वोच्च परमात्मा, जो नीलाचल में बलभद्र और सुभद्रा के साथ निवास करते हैं, उन भगवान जगन्नाथ को मेरा नमन है"


































बिलासपुर, गुरुवार 16 जुलाई 2026

# हरिभूमि लाइव

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255



कार्यक्रम

## रायल राजपूत महिला संगठन ने मेधावी छात्रों का किया सम्मान



**बिलासपुर।** रॉयल राजपूत महिला संगठन के द्वारा 10 वी तथा 12 वी कक्षा के मेधावी विद्यार्थीगण जिन्हें 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त हुआ उनके सम्मान समारोह का आयोजन महाराणा प्रताप भवन इमलीपारा में किया गया। इस अवसर पर महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण , पुष्पार्पण व दीप प्रज्वलित किया गया। विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार बृजेश सिंह ने कार्यक्रम का शुभारंभ महाराणा प्रताप के शौर्य बलिदान को ओजपूर्ण उद्बोधन एवं आहुति महाकाव्य की कविताओं के माध्यम से स्मरण किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ नम्रता सिंह एवं सोनाली सिंह उपस्थित हुईं। उन्होंने बच्चों का मार्गदर्शन किया,एस के सिंह तथा विजय बघेल अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। जिन मेधावी विद्यार्थीगण का सम्मान किया गया उनमें 10 वी कक्षा के अभिजय सिंह ठाकुर,आर्या सिंह चंदेल,अर्पिता चौधरी,कृतिका ठाकुर, अभिमन्यु सिंह तथा 12 वी कक्षा की आशी दीक्षित, वैष्णवी बिसेन, यशी राजपूत , सौम्या सिंह, स्नेहा राजपूत का नाम सम्मिलित है। कार्यक्रम की संयोजिका निर्मला सिंह एवं संध्या सिंह थीं। प्रदेश अध्यक्ष प्रीतिसिंह,महामंत्री स्वाती सिंह,ऋतु सिंह,श्रद्धा सिंह,कीर्ति सिंह ,क्षमा सिंह ,नंदा सिंह,वंदना सिंह, कमलेश सिंह, पूनम सिंह तथा सुधा सिंह का विशेष सहयोग रहा।

आयोजन

## लायंस क्लब की बैठक में आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार



**बिलासपुर।** लायंस क्लब स्माइल की जुलाई मासिक बैठक रखी गई, आगामी अगस्त माह की सेवा एवं सामाजिक गतिविधियों की विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई। बैठक के दौरान अगस्त माह में आयोजित होने वाले महिला स्वावलंबन, जो क्लब का परमानेंट प्रोजेक्ट है उसके लिए प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी। स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रमों तथा विभिन्न सेवा शिक्षा एवं स्वास्थ्य सड़क सुरक्षा एवं ग्रामीण जनजागरूकता, महिलाओं के लिए मनोरंजन सावन उत्सव,गतिविधियों रायपुर में प्रथम कैबिनेट मीटिंग में उपस्थिति में योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में विभिन्न गेम भी आयोजित किए गए,गेम भी कराए गए। जिसमें प्रथम एम उमा, द्वितीय रेवती सिंह, तृतीय ज्योति नामदेव एवं पंक्चुअलिटी का गिफ्ट जेनिफर को दिया गया। सभी सदस्यों ने अपने-अपने सुझाव प्रस्तुत किए तथा कार्यक्रमों को सफल बनाने जिम्मेदारियों का निर्धारण किया गया। बैठक में क्लब की अध्यक्षा रीता राजगीर, सचिव दीप्ति लता साहू, कोषाध्यक्ष डॉ ज्योति नामदेव, डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन डॉ सुरभि राजगीर, ज्योति सिंगरोल, डॉ सविता पांडे, कामिनी स्वर्णकार, रिद्धि मेहता, तपस्या शर्मा, लक्ष्मी निर्मलकर कविता बनर्जी, सीमा श्रीवास्तव डॉक्टर सुमन आर्य रेनू गौतम जैस्मिन, सीमा सिंह ठाकुर कोमल बरडे,लता श्री, सरस्वती निर्मलकर सहित क्लब के अन्य सम्मानित सदस्य उपस्थित रहे।

स्पर्धा

## एवरग्रीन लेडी पत्रिका में आकांक्षा लारिया रहीं विजेता



**बिलासपुर।** एवरग्रीन लेडी पत्रिका द्वारा आयोजित मिस, मिसेज, मिस्टर एवं किड्स टैलेंट प्रतियोगिता का आयोजन उत्साह, गरिमा और शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रदेशभर से आए लगभग 80 प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा, व्यक्तित्व, आत्मविश्वास एवं मंचीय प्रस्तुति से दर्शकों और निर्णायकों का दिल जीत लिया। मिसेज छत्तीसगढ़ प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए आकांक्षा शर्मा ने प्रतिष्ठित मिसेज छत्तीसगढ़ का खिताब अपने नाम किया। डॉ प्रभा तिवारी फर्स्ट रनर-अप रहीं, जबकि बबीता गांगने सेकंड रनर-अप घोषित की गईं। पारुल पाठक को फोटोजेनिक फेस तथा शिल्पी तिवारी को छत्तीसगढ़ क्वीन के विशेष सम्मान से नवाजा गया। मिस छत्तीसगढ़ प्रतियोगिता में लारिया गुप्ता विजेता रहीं, जबकि अपर्णा आदित्य प्रथम रनर-अप एवं दिशा चतुर्वेदी द्वितीय रनर-अप घोषित हुईं। दिव्यांशी तिवारी को क्यूट फेस तथा श्रेया धामेजा को ब्यूटीफुल क्वीन का विशेष सम्मान प्रदान किया गया। मिस्टर छत्तीसगढ़ प्रतियोगिता में यश देवांगन विजेता बने। उदयबीर सिंह ढिल्लों प्रथम रनर-अप तथा आयुष यादव द्वितीय रनर-अप घोषित किए गए।

# गुप्त नवरात्रि के प्रथम दिन माता का पूजन, किया गया श्रृंगार

**गुप्त नवरात्रि के प्रथम दिन बुधवार को हजारों भक्तों ने दर्शन-पूजन किया,सुबह मंदिर के कपाट खुलने के बाद पंडित द्वारा माता रानी का श्रृंगार कर आरती-पूजन संपन्न कराया। इस दौरान हवन, पूजन, वैदिक मंत्रोच्चारण और माता रानी के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पंडित बृजेश मिश्रा ने बताया कि आषाढ़ मास की गुप्त नवरात्रि साधना, तप और देवी आराधना के लिए अत्यंत शुभ व कल्याणकारी मानी जाती है। इस नवरात्रि में मां दुर्गा के गुप्त स्वरूपों की पूजा की जाती है। आषाढ़ गुप्त नवरात्रि के पहले दिन माता कालिका की पूजा की गई। इसे शक्ति, साहस और आत्मविश्वास प्राप्त करने का पवित्र अवसर माना जाता है। मान्यता है कि इनकी उपासना से भक्तों का आत्मविश्वास बढ़ता है और साधक को आध्यात्मिक ऊर्जा मिलती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, श्रद्धा और नियमपूर्वक मां की आराधना करने से जीवन की कठिन परिस्थितियों में देवी का आशीर्वाद और मार्गदर्शन प्राप्त होता है। यह भी माना जाता है कि माता कालिका अपने भक्तों को भय, नकारात्मक शक्तियों और जीवन की बाधाओं से रक्षा प्रदान करती हैं। तिफरा काली मंदिर, श्री पीतांबरा पीठ सुभाष चौक सरकंडा स्थित पीतांबरा, जरहाभाठा व सरकंडा दुर्गा मंदिर, भैरव बाबा मंदिर में गुप्त नवरात्रि मनाई जा रही है। पहले दिन मां का विशेष श्रृंगार किया गया। भक्तों द्वारा मां की पूजा-अर्चना की गई। वहीं सभी की सुख-शांति के लिए यज्ञ किया गया। पीतांबरा पीठ में सर्वप्रथम देवी-देवताओं का आह्वान किया गया। इसके बाद वेदी पूजन कर ध्वजारोहण किया गया। अभिजीत मुहूर्त में घट स्थापना की गई। 10 महाविद्याओं की साधना और जप शुरू हुआ। श्री ब्रह्मशक्ति बगलामुखी देवी काविशेष पूजन, श्रृंगार किया गया। सुबह श्रीशारदेश्वर पारदेश्वर महादेव का रुद्राभिषेक, पूजन व भगवान श्रीराम का पूजन, श्रृंगार हुआ। गुप्त नवरात्रि में 10 महाविद्याओं की साधना भी चल रही है। मां काली, तारा, षोडशी, त्रिपुर भैरवी, भुवनेश्वरी, छिन्नमस्ता, धूमावती, बगलामुखी, मातंगी और कमला देवी की पूजा नवरात्रि के दौरान होगी।



### आज होगी ब्रह्मपुत्री तारा देवी की पूजा

पीठाधीश्वर आचार्य डॉ दिनेश महाराज ने बताया कि त्रिदेव मंदिर में दूसरे दिन सुबह श्री ब्रह्मशक्ति बगलामुखी देवी का विशेष पूजन श्रृंगार ब्रह्मपुत्री एवं तारा देवी के रूप में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह पर्व गुप्त साधनाओं के लिए जाना जाता है। दूसरे दूसरे दिन 10 महाविद्या की देवी तारा की पूजा-आराधना की जाती है। पुराणों में वर्णित कथाओं के अनुसार भगवान बुद्ध ने पौ तारा मां की आराधना की थी, बुद्ध देव के अलावा गुरु वशिष्ठ ने भी पूर्णता प्राप्त करने के लिए देवी तारा का आराधना की थी।

# महाप्रभु जगन्नाथ की रथयात्रा आज शहर भ्रमण करेगी, मौसी मां के मंदिर पहुंचेंगे



**भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा गुरूवार को निकलेगी इसको लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह है। शहर के प्राचीन श्री जगन्नाथ मंदिरों से श्रद्धा-भक्ति के साथ रथयात्रा निकाली जाएगी, जिसके लिए मंदिर परिसरों में रथयात्रा की रूपरेखा तैयार कर ली गई है। रथ सज गए हैं और हवन-पूजन की तैयारियां पूरी हो चुकी है। शहर के ऐतिहासिक जगन्नाथ मंदिरों में भगवान जगन्नाथ के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ेगा।**





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

महाप्रभु भगवान जगन्नाथ स्वस्थ होने के बाद आज शहर भ्रमण पर निकलेंगे। अपने भक्तों को दर्शन देंगे महाआरती के बाद भक्तों के दर्शन के लिए मंदिर का पट खुल गया भक्तों ने भगवान को मिठाई, फल, अन्न सहित अन्य पकवानों का भोग लगाया। भगवान के लिए 16 फीट लंबा, 17 फीट ऊंचा, 12 फीट चौड़ा रथ बनाया गया है। दोपहर 2 बजे भगवान का रथ को रस्सी से भक्त खीचेंगे। भक्त भगवान को पूरा शहर भ्रमण कराएंगे। इसके बाद शाम को भगवान मौसी मां के मंदिर पहुंचेंगे। यहां भगवान की पूजा-अर्चना होगी। इसके बाद भगवान आराम करने चले जाएंगे। मौसी मां के मंदिर में भगवान 9 दिन रहेंगे, यहां प्रतिदिन सांस्कृति कार्यक्रम होंगे। इस साल जगन्नाथ पुरी की विश्व प्रसिद्ध रथयात्रा की तर्ज पर शहर में भी भव्य आयोजन होने जा रहा है। रथयात्रा के लिए रथ बन कर तैयार हो गया है। ओड़िशा से मंगाए कपड़ों से उसे आकर्षक रूप दिया गया है। फूलों से सजा कर आकर्षक रूप दिया जाएगा। इसी रथ पर सवार होकर भगवान शहर भ्रमण कर शहरवासियों का हाल जानेंगे और मौसी मां के घर जाएंगे।

### तितली चौक से रेलवे स्टेशन होते हुए निकलेगी यात्रा

रथयात्रा रेलवे क्षेत्र के जगन्नाथ मंदिर से निकलकर तितली चौक, रेलवे स्टेशन, तारबाहर, गांधी चौक, तोरवा थाना काली मंदिर होते हुए गुंडिचा मंदिर पहुंचेंगी। इसी रास्ते से बहुड़ा यात्रा निकलकर मंदिर पहुंचेगी। इसके बाद फिर से भगवान का दरबार भक्तों के लिए खुल जाएगा।

### सात दिन तक होंगे कार्यक्रम

यहां पूरे सात दिन तक रह कर श्रीमंदिर पहुंचेंगे। मौसी मां मंदिर में उनके सम्मान में हर दिन सांस्कृतिक व आध्यात्मिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा को रथ पर विराजमान कर नगर भ्रमण कराया जाएगा। नगर भ्रमण के बाद भगवान मौसी मां के घर पहुंचेंगे। रथयात्रा में रथ का रस्सा खींचने हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ रहेगी। सभी धार्मिक अनुष्ठान परंपरागत विधि-विधान के अनुसार संपन्न कराए जाएंगे।

### इस्कॉन 19 को निकालेगी रथयात्रा

इस्कॉन मंदिर द्वारा 19 जुलाई को रथयात्रा निकाली जाएगी। रथयात्रा दोपहर 3 बजे से बृहस्पति बाजार से निकलेगी। यह देवकीनंदन चौक से सदर बाजार, गोलबाजार, तेलीपारा रोड़, पुराना बस स्टैंड, टेलीफोन एक्सचेंज रोड, अग्रसेन चौक, सत्यम चौक, पुलिस ग्राउंड, फूल चौक होते हुए बृहस्पति बाजार पहुंचेगी।

## आत्मबल सफलता का सबसे बड़ा कौशल

**बिलासपुर।** विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर ब्रह्माकुमारीज़ के शिव अनुराग भवन, राजकिशोर नगर में नियमित आध्यात्मिक कक्षा में युवाओं के लिए आयोजित विशेष प्रेरणादायी सत्र में ब्रह्माकुमारी मंजू दीदी ने कहा कि आज के समय में केवल तकनीकी कौशल ही नहीं, बल्कि आत्मबल भी सफलता का सबसे बड़ा कौशल है। आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच और आध्यात्मिक मूल्यों से युक्त युवा ही जीवन की चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना कर सकते है।



उन्होंने कहा कि जीवन में आने वाली कठिनाइयाँ व्यक्ति को कमजोर नहीं, बल्कि मजबूत बनाने का अवसर देती हैं। जिस प्रकार किसी विशाल वृक्ष की शक्ति उसकी गहरी जड़ों में होती है, उसी प्रकार मनुष्य की वास्तविक शक्ति उसके संस्कार, चरित्र और आत्मबल में होती है। राजयोग मेडिटेशन मन को स्थिरता, स्पष्ट सोच और सही निर्णय लेने की शक्ति प्रदान करता है। दीदी ने भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी का उदाहरण देते हुए बताया कि साधारण पृष्ठभूमि से निकलकर उन्होंने आत्मविश्वास, धैर्य और कठिन परिस्थितियों में शांत रहकर सही निर्णय लेने की क्षमता के बल पर विश्वभर में अपनी पहचान बनाई। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि वे अपनी आंतरिक शक्तियों को पहचानें, निरंतर स्वयं को विकसित करें तथा आध्यात्मिक मूल्यों के साथ अपने कौशल का विकास कर राष्ट्र निर्माण में योगदान दें।

## लायंस क्लब कैपिटल की नई कार्यकारिणी ने ली शपथ



**बिलासपुर।** लायंस क्लब बिलासपुर कैपिटल की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह बुधवार को आयोजित किया गया। समारोह में एमजेएफ डॉ. अवनीश त्रिपाठी ने अध्यक्ष पद की शपथ ली।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमजेएफ रिपुदमन सिंह पुसरी थे। विशिष्ट अतिथि डॉ. एल.सी. मढरिया तथा पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर जसपाल होरा और प्रीतपाल बाली थे। शपथ अधिकारी रीजन चेयरपर्सन अमन होरा ने थे। पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर दिलीप भंडारी विशेष रूप से मौजूद रहे। अध्यक्ष के साथ सचिव नरेन्द्र साहू, कोषाध्यक्ष संतोष आचारी तथा अन्य पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों ने भी शपथ ली। इस अवसर पर क्लब की नई टीम ने समाज सेवा, स्वास्थ्य, शिक्षा और पर्यावरण के क्षेत्र में प्रस्तावित गतिविधियों की रूपरेखा प्रस्तुत की। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रिपुदमन सिंह पुसरी ने कहा कि लायंस क्लब सेवा का पर्याय है और नई कार्यकारिणी सेवा कार्यों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगी। इस अवसर पर मीडिया क्षेत्र में 14 वर्षों से उत्कृष्ट सेवाएं दे रहे पत्रकारों का भी सम्मान किया गया। सचिव नरेन्द्र साहू ने आभार व्यक्त किया।

# स्कूलों में यातायात की पाठशाला की नियमित क्लास, पुस्तिका का विमोचन

कार्नर न्यूज

**पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के दिशा निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामगोपाल करियारे के पर्यवेक्षण में नियमित रूप से विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से आम नागरिकों को यातायात नियमों तथा सुरक्षा मापदंडों एवं मानकों के समुचित पालन प्रेरित किया जा रहा है।**






हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले के विभिन्न शासकीय, अर्धशासकीय एवं निजी इकाइयों को सड़क सुरक्षा के संबंध में आवश्यक संवाद करके सड़क सुरक्षा संबंधी सभी आयामों पर सक्रियता से कार्य करते हुए सड़क दुर्घटनाओं के प्रभावी रोकथाम एवं नियंत्रण के सम्बन्ध मे विभिन्न बैठक एवं कार्यशाला आयोजित करके सड़क दुर्घटनाओं पर व्यापक जनचर्चा की जा रही है।

इसी कड़ी में जिले के सभी प्रकार के विद्यालयों के प्राचार्य एवं स्कूल प्रबंधकों की बैठक आयोजित की गई जिसमें वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के द्वारा उच्चतम न्यायालय के 18 बिंदु के गाइडलाइन के प्रभावी तरीके से क्रियान्वयन एवं पालन सुनिश्चित किए जाने हेतु समस्त प्राचार्य एवं स्कूल प्रबंधकों को निर्देशित की गई तथा स्कूली बच्चों के स्कूल आवागमन एवं परिवहन के संबंध में उक्त सभी बिंदुओं का शब्दशः पालन किए जाने हेतु उन्हें सख्त हिदायत एवं निर्देश दिया गया। साथ ही स्कूल के आसपास बच्चों के द्वारा किसी भी प्रकार के असामाजिक एवं गैर वाजिब कृतियों पर निगरानी रखने तथा नियंत्रण बनाए रखने हेतु समझाइस दी गई एवं समस्त सुरक्षा सावधानियां के संबंध में सजग एवं सक्रिय होकर नाबालिक बच्चों के स्कूल आवागमन तथा स्कूल प्रांगण में उनके गतिविधियों पर सदैव पैनी नजर रखने हेतु उन्हें समझाइस दी गई। सभी स्कूलों को यह निर्देशित किया गया कि बच्चों के द्वारा अनधिकृत रूप से किसी भी प्रकार के डिजिटल उपकरणों और मोबाइल का अनाधिकृत व नकारात्मक उपयोग न की जावे तथा इसके माध्यम से बच्चों को किसी भी प्रकार के असामाजिक गतिविधियों में संलिप्तता ना हो यह सभी सुनिश्चित की जाए। इस एक दिवसीय कार्यशाला के द्वारा समाज में यह संदेश भी प्रसारित की गई।

इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रामगोपाल करियारे, एएसपी शहर पंकज पटेल सीएसपी कोतवाली गगन कुमार, सीएसपी सिविल लाइन निमितेश सिंह, डीएसपी शिव चरण परिहार, आर आई भूपेंद्र गुप्ता व जिले के समस्त स्कूलों से आए हुए स्कूल प्रबंधक एवं प्राचार्यगण 350 से अधिक संख्या में उपस्थित थे।



# मेरे लिए फिटनेस का मतलब है हेल्दी-एक्टिव-एनर्जेटिक रहना

इन दिनों सोनी सब चैनल पर टेलिकास्ट हो रहे शो 'हस्तिनापुर के वीर' में गुरु द्रोणाचार्य की भूमिका जितेन लालवानी निभा रहे हैं। शो में उनकी बॉडी बहुत फिट और टोंड दिख रही है। इसे मेंटेन करने के लिए वे किस तरह का डाइट प्लान और वर्कआउट रूटीन फॉलो करते हैं, बता रहे हैं अपनी जुबानी।



**फिटनेस फंडा**
**जितेन लालवानी**

मेरे लिए फिटनेस का मतलब सिर्फ मसल्स बनाना नहीं है, बल्कि हेल्दी, एक्टिव और एनर्जेटिक रहना है, ताकि मैं स्क्रीन पर ही नहीं अपनी निजी जिंदगी में भी अपना बेस्ट दे सकूं।

**डाइट प्लान:** मैं आमतौर पर एक दिन में 2,000 से कम कैलोरी लेता हूं। हालांकि जब मेरा लक्ष्य मसल्स गेन करना था, तब मैंने अपनी कैलोरी बढ़ाकर लगभग 2,800-3,000 प्रतिदिन कर दी थी। मैं मोस्टली वेजीटेरियन हूं, इसलिए प्रोटीन के लिए मुख्य रूप से पनीर, दाल, सोया चंक्स और अंडों पर निर्भर रहता हूं। मैं दिन में तीन बार भोजन करता हूं और कोशिश करता हूं कि रात का खाना जल्दी खा लूं। अगर रात में 9 बजे से ज्यादा लेट हो जाता है तो मैं आमतौर पर डिनर छोड़ देता हूं।

**वर्कआउट रुटीन:** मैं सप्ताह में कम से कम 4-5 दिन वर्कआउट करता हूं। मेरा रुटीन इस प्रकार का होता है-

सोमवार को लेग्स स्ट्रेंथनिंग। मंगलवार को चेस्ट, शोल्डर्स और ट्राइसेप्स। बुधवार को बैक और बाइसेप्स। गुरुवार को एब्स और कार्डियो। शुक्रवार को फिर लेग्स स्ट्रेंथनिंग। शनिवार को फुल अपर बॉडी वर्कआउट। जिम के अलावा मैं हर शाम अपने शेड्यूल के अनुसार 5,000 से 10,000 स्टेप्स वॉक भी करता हूं।

मैं हमेशा अपने साथ एक रेजिस्टेंस बैंड भी रखता हूं। अगर किसी दिन जिम जाना संभव नहीं हो पाता, तो मैं अपने मेकअप रूम में ही कुछ सेट्स पुश-अप्स और रेजिस्टेंस बैंड की बेसिक एक्सरसाइज कर लेता हूं, ताकि मेरा वर्कआउट मिस न हो।

**मैनेज करता हूं टाइम:** अगर मैं सिर्फ एक शो को शूट कर रहा होता हूं, तो फिटनेस के लिए समय निकालना अपेक्षाकृत आसान होता है, क्योंकि आमतौर पर महीने में 15-20 दिन ही शूटिंग करनी होती है। लेकिन जब एक साथ दो शो कर रहा होता हूं, तब टाइम मैनेजमेंट करना थोड़ा चैलेंजिंग हो जाता है। दो शोज को साथ में मैनेज करना मुश्किल जरूर होता है, लेकिन मैं उसे भी पूरी पॉजिटिविटी के साथ निभाता हूं और जो भी जितना भी टाइम मिलता है, उसमें वर्कआउट करता हूं।

**मेंटल हेल्थ:** मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए मैं खुद को हमेशा एक्टिव और बिजी रखने की कोशिश करता हूं। नियमित वर्कआउट करता हूं, वॉक करता हूं और अपने परिवार के साथ अच्छा समय बिताता हूं। साथ ही, मैं हमेशा कुछ नया सीखने की कोशिश करता हूं, चाहे वह अभिनय से जुड़ा हो या जीवन से, क्योंकि नई चीजें सीखना मुझे प्रेरित करता है। बेशक हर किसी की जिंदगी में तनाव वाले दिन आते हैं, लेकिन मैंने यह सीख लिया है कि नकारात्मकता को ज्यादा देर तक अपने ऊपर हावी नहीं होने देना चाहिए। मैं उन चीजों पर ध्यान देता हूं, जो मेरे नियंत्रण में हैं, हर दिन के लिए आभारी रहता हूं और एक-एक दिन करके आगे बढ़ता हूं। यही संतुलन मुझे मानसिक रूप से मजबूत बनाए रखता है।

**फिटनेस आइडल:** ऐसे कई लोग हैं, जिनसे मैं इंस्पायर होता हूं। लेकिन अगर मुझे किसी एक का नाम लेना हो, तो मैं अनिल कपूर का नाम लूंगा। जिस तरह उन्होंने वर्षों से अपनी फिटनेस, एनर्जी और डिसिप्लीन को बनाए रखा है, वह वास्तव में इंस्पायरिंग है।

**रीडर्स को मैसेज:** मैं रीडर्स से यही कहना चाहूंगा कि सीखना और खुद पर काम करना कभी बंद मत कीजिए। सफलता रातों-रात नहीं मिलती, बल्कि हर दिन लगातार मेहनत करने से मिलती है, चाहे उस दिन आपका मन करे या नहीं। अपनी सेहत का भी पूरा ध्यान रखें, क्योंकि वही आपकी सबसे बड़ी पूंजी है। अनुशासित रहें और मेहनत करने से कभी न घबराएं। चुनौतियां जरूर आएंगी, लेकिन अगर आप लगातार प्रयास करते रहेंगे और धैर्य बनाए रखेंगे, तो वही चुनौतियां आपको और मजबूत बनाएंगी। सबसे जरूरी बात, हमेशा विनम्र रहें, कृतज्ञ रहें और इस सफर का आनंद लें। मंजिल महत्वपूर्ण है, लेकिन उससे भी ज्यादा अहम वह इंसान है, जो आप इस सफर के दौरान बनते हैं। *

**प्रस्तुति: सेहत फीचर्स**

---

अधिकतर लोग रोजाना कोई न कोई ऐसा सेल्फ केयर प्रोडक्ट यूज करते हैं, जिसमें केमिकल्स होते हैं। ऐसे प्रोडक्ट्स किस तरह से आपके लिए हार्मफुल हो सकते हैं, इनके साइड इफेक्ट्स से बचने के लिए आप क्या सावधानियां बरत सकते हैं और इनके क्या बेहतर ऑप्शंस हो सकते हैं, आपको जरूर जानना चाहिए।

# क्या आप भी अक्सर करते हैं यूज केमिकल बेस्ड सेल्फ-केयर प्रोडक्ट्स!

**अवेयरनेस**
**रजनी अरोड़ा**

आज के समय में शैंपू, साबुन, फेस वॉश, मॉयश्चराइजर, डिओडरेंट, परफ्यूम, हेयर डाई, शेविंग क्रीम, मेकअप, लिपस्टिक और इंटीमेट हाइजीन उत्पाद दैनिक जीवन का हिस्सा बन चुके हैं। पुरुष हों या महिलाएं, लगभग हर व्यक्ति किसी-न-किसी सेल्फ-केयर प्रोडक्ट का उपयोग करता है। लेकिन केमिकल बेस्ड ऐसे उत्पादों का लंबे समय तक, बार-बार या गलत तरीके से उपयोग स्वास्थ्य को प्रभावित भी कर सकता है।

कुछ शोधों से पता चला है कि सेल्फ-केयर उत्पादों के माध्यम से अनेक महिलाएं (करीब 168) और पुरुष (करीब 120) अलग-अलग रसायनों के संपर्क में रोजाना आते हैं। ये रसायन मानव रक्त, बाल, मूत्र और यहां तक कि मां के स्तन के दूध में भी पाए गए हैं। यानी ये केवल त्वचा पर नहीं रहते, वे शरीर के भीतर तक पहुंच जाते हैं और जमा होते रहते हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि सेल्फ-केयर उत्पादों का उद्देश्य शरीर को नुकसान पहुंचाना नहीं, बल्कि उसे स्वस्थ, साफ और आरामदायक रखना है। लेकिन ये उत्पाद कितने सुरक्षित हैं. यह उसमें मौजूद विभिन्न घटकों की मात्रा, गुणवत्ता और नियामक मानकों के माध्यम से ही तय नहीं होता। उसके सही ढंग से उपयोग करने और उससे शरीर या त्वचा पर होने वाले नुकसान पर भी निर्भर करता है। इसलिए स्त्री-पुरुष दोनों के लिए जरूरी है कि उत्पादों को समझदारी से चुनें, अनावश्यक रसायनों के संपर्क को कम करें और अपनी त्वचा की वास्तविक जरूरतों को पहचानें।

**शैंपू-साबुन-बॉडी वॉश:** झाग बनाने के लिए अकसर इनमें सोडियम लॉरिल सल्फेट (एसएलएस) और सोडियम लॉरेथ सल्फेट (एसएलईएस) जैसे पदार्थ मिलाए जाते हैं। संवेदनशील त्वचा वालों में एक्जिमा, रूसी या सूखे बालों वाले लोगों में खुजली, रूखापन, जलन और बालों का खिंचाव बढ़ा सकते हैं। कुछ उत्पादों में पैराबेंस, कृत्रिम रंग और तेज कृत्रिम सुगंध भी होती है, जो एलर्जी या त्वचा पर चकत्ते पैदा कर सकते हैं। ऐसे में सल्फेट मुक्त, कम सुगंध वाले, पीएच संतुलित और डर्मेटोलॉजिकली टेस्टेड उत्पाद बेहतर विकल्प हो सकते हैं। रीठा, शिकाकाई, आंवला, एलोवेरा, ओटमील और ग्लिसरीन जैसे घटकों वाले हल्के उत्पाद भी उपयोगी हो सकते हैं। हालांकि नया उत्पाद लगाने से पहले त्वचा के छोटे हिस्से पर पैच टेस्ट करना उचित रहता है।

पानी एक यूनिवर्सल सॉल्वेंट है, जो नहाने पर गंदगी को आसानी से हटा देता है। केमिकलयुक्त साबुन के बजाय बेसन और हल्दी का उबटन, मुल्तानी मिट्टी, कच्चा दूध और हल्दी, मूंग दाल पावडर, चंदन पावडर इस्तेमाल कर सकते हैं। ये प्राकृतिक क्लींजर बिना नेचुरल ऑयल निकाले स्किन को साफ करते हैं।

**फेस वॉश, क्रीम और मॉयश्चराइजर:** चेहरे की त्वचा शरीर के अन्य हिस्सों की तुलना में अधिक नाजुक होती हैं। बहुत अधिक अल्कोहल, तेज सुगंध, कठोर क्लींजर या अनावश्यक स्क्रबिंग वाले फेस वॉश त्वचा की प्राकृतिक सुरक्षा परत को नुकसान पहुंचा सकते हैं। इससे चेहरा सूखा, लाल, खिंचा हुआ या संवेदनशील महसूस हो सकता है।

फेस वॉश चुनते समय सोप-फ्री, फ्रेगनेंस-फ्री, जेंटल क्लींजर या आयुर्वेदिक क्रीम उपयोगी हो सकते हैं। मॉयश्चराइजर में ग्लिसरीन, सेरामाइड,



हायलूरोनिक एसिड, शिया बटर, जोजोबा ऑयल या बादाम तेल जैसे तत्व त्वचा को नमी देने में मदद कर सकते हैं। तैलीय त्वचा वाले व्यक्ति हल्के, नॉन-कॉमेडोजेनिक मॉयश्चराइजर चुन सकते हैं, जबकि शुष्क त्वचा वालों को अधिक मॉयश्चराइजिंग क्रीम की आवश्यकता हो सकती है।

**फेयरनेस-स्किन व्हाइटनिंग क्रीम:** त्वचा को गोरा बनाने का दावा करने वाली कुछ नकली उत्पादों में हाइड्रोक्विनोन, कॉर्टिकोस्टेरॉइड और पारा यानी मरकरी जैसे रसायन पाए गए हैं। हाइड्रोक्विनोन त्वचा के मेलानिन पर असर डाल सकता है, जबकि कॉर्टिकोस्टेरॉइड का बिना चिकित्सकीय सलाह लंबे समय तक उपयोग त्वचा को पतला, लाल और संवेदनशील बना सकता है। मरकरी युक्त उत्पाद त्वचा के अलावा किडनी और तंत्रिका तंत्र के लिए भी गंभीर चिंता का विषय हो सकते हैं। ऐसी क्रीमों से तत्काल चमक या गोरेपन का अनुभव हो सकता है, लेकिन लंबे समय में दाग-धब्बे, मुंहासे, त्वचा की कमजोरी, असमान रंगत और सूर्य की रोशनी से अधिक नुकसान जैसी समस्याएं हो सकती हैं। सुरक्षित विकल्प के रूप में नियमित सनस्क्रीन, हल्का मॉयश्चराइजर, विटामिन-सी या नियासिनामाइड युक्त प्रमाणित उत्पाद, एलोवेरा जैल तथा त्वचा विशेषज्ञ की सलाह अधिक उचित है। आयुर्वेदिक या हर्बल बेस्ड क्रीम का यूज करना भी सुरक्षित विकल्प है।

**हेयर डाई-हेयर स्प्रे-स्ट्रेटनिंग प्रोडक्ट्स:** बालों को रंगने, सीधा करने या लंबे समय तक सेट रखने वाले उत्पादों में मौजूद कुछ रसायन स्वास्थ्य के लिए परेशानी पैदा कर सकते हैं। कुछ हेयर डाई में पैरा-फेनिलीनडायमीन यानी पीपीडी और अमोनिया हो सकते हैं, जिनसे सिर की त्वचा में खुजली, जलन, सूजन या एलर्जी हो सकती है। सुरक्षित विकल्प के रूप में अमोनिया-फ्री और पीपीडी-फ्री हेयर कलर, शुद्ध मेहंदी, नारियल तेल, आर्गन ऑयल, एलोवेरा हेयर मास्क और अलसी का तेल उपयोग किए जाते हैं।



**लिपस्टिक-नेल पॉलिश:** महिलाओं के द्वारा यूज किए जाने वाले मेकअप उत्पादों जैसे लिपस्टिक और नेल पॉलिश में प्रिजर्वेटिव, कृत्रिम रंग, सुगंध और अन्य रसायन हो सकते हैं। इसलिए लिपस्टिक, काजल, फाउंडेशन और अन्य मेकअप केवल विश्वसनीय ब्रांड वाले ही खरीदने चाहिए। एक्सपायरी डेट के बाद मेकअप का उपयोग नहीं करना चाहिए। नेल पॉलिश में नुकसानदायक तत्व हो सकते हैं। इनमें से कुछ रसायन त्वचा, आंखों और श्वसन तंत्र में जलन पैदा कर सकते हैं। नेल पॉलिश लगाते समय कमरे में हवा का अच्छा आवागमन होना चाहिए और पूरी सतर्कता के साथ इनका उपयोग किया जाना चाहिए।

**डिओडरेंट-परफ्यूम-बॉडी स्प्रे:** ये शरीर की दुर्गंध कम करने के लिए उपयोग किए जाते हैं, लेकिन इनमें कृत्रिम सुगंध, फ्थैलेट्स और कभी-कभी एल्यूमिनियम सॉल्ट्स जैसे घटक हो सकते हैं। कृत्रिम सुगंध कुछ लोगों में सिरदर्द, माइग्रेन, सांस की तकलीफ, त्वचा की खुजली या एलर्जी को बढ़ा सकती है। संवेदनशील त्वचा वाले लोग एल्यूमिनियम-फ्री या फ्रेगरेंस-फ्री डिओडरेंट इस्तेमाल कर सकते हैं। प्राकृतिक विकल्पों में कम सुगंध वाले मिनरल डिओडरेंट, फिटकरी का पानी, बेकिंग सोडा आधारित उत्पाद या केवल नियमित स्नान और साफ कपड़ों की आदत उपयोगी हो सकती है। नारियल तेल में एक-दो बूंद टी ट्री, लेवेंडर, रोज, जैस्मिन, सेंडल वुड, यूक्लिप्टस ऑयल मिलाकर भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इन सावधानियों से आप हमेशा सुरक्षित रहेंगे। *

**(दिल्ली के डर्मेटोलॉजिस्ट, डॉ. गौरव नाकरा और जनरल फिजीशियन, डॉ. जे. रावत से बातचीत पर आधारित)**

## ऐसे करें सुरक्षित सेल्फ-केयर



- आवश्यकता से अधिक कॉस्मेटिक या रासायनिक उत्पादों का उपयोग न करें।
- सेल्फ-केयर उत्पाद चुनते समय सबसे पहले उसमें मौजूद तत्वों की डिटेल पढ़ें।
- बहुत अधिक सुगंध, चमकीले रंग, इंस्टेंट व्हाइटनिंग, केमिकल-फ्री या शत-प्रतिशत नेचुरल जैसे दावों पर बिना जांचे भरोसा न करें।
- कम केमिकल सामग्री वाले, फ्रेगरेंस-फ्री, प्रमाणित और विश्वसनीय उत्पाद अधिक अच्छे विकल्प हो सकते हैं।
- नए उत्पाद का उपयोग करने से पहले पैच टेस्ट करके जरूर देखें यानी हाथ की स्किन पर हल्का-सा लगाकर देखें। अगर कोई समस्या न हो, तभी वो उत्पाद इस्तेमाल करें।
- एक्सपायरी डेट का ध्यान रखें। क्योंकि इनमें बैक्टीरिया पनपने लगते हैं, जो ज्यादा नुकसानदायक हो सकते हैं।
- त्वचा में लगातार जलन, लालपन, खुजली या दाने हों। तो उपयोग बंद कर त्वचा विशेषज्ञ से सलाह लें।

---

हमारा शरीर मुख्य तौर पर हमारे मस्तिष्क यानी ब्रेन से ही संचालित होता है। इसलिए इसकी सुरक्षा, इसका बेहतर स्वास्थ्य और इसका अच्छे ढंग से कार्य करना बहुत जरूरी है। **वर्ल्ड ब्रेन डे (22 जुलाई)** के अवसर पर यहां बता रहे हैं कि हमारा ब्रेन कैसे हेल्दी और हमारी मेमोरी कैसे शार्प बन सकती है?

# तब ब्रेन रहेगा हेल्दी मेमोरी होगी शार्प

**एडवाइस**
**शिखर चंद जैन**

मात्र तीन पौंड वजन का हमारा मस्तिष्क आकार में भले ही बहुत बड़ा नहीं होता, लेकिन यह एक शक्तिशाली अंग है। शरीर के इस छोटे से हिस्से में ही हमारा व्यक्तित्व और सभी यादें समाहित होती हैं। मस्तिष्क ही विचारों, भावनाओं और गतिविधियों का समन्वय करता है। जीवन को सुचारू रूप से चलाने, सफलता व सुकून के लिए इसका स्वस्थ रहना बेहद जरूरी है।

**न्यूरॉन्स का रोल:** मस्तिष्क में अरबों तंत्रिका कोशिकाएं न्यूरॉन्स होती हैं। ये ही शरीर के बाकी हिस्सों को जानकारी भेजती हैं। यदि ये ठीक से काम नहीं करेंगी तो शरीर के अंग और मांसपेशियों में संवेदना कम हो सकती है। सोचने और कार्य करने की क्षमता धीमी हो सकती है।

**क्यों जरूरी है बचाव:** मस्तिष्क, क्षतिग्रस्त या नष्ट हुए न्यूरॉन्स की जगह नए न्यूरॉन्स नहीं बना पाता है। सिर में चोट लगना, नशीली दवाओं का सेवन, अल्जाइमर और पार्किंसंस जैसी स्वास्थ्य समस्याएं मस्तिष्क कोशिकाओं को नुकसान पहुंचा सकती हैं या उन्हें नष्ट कर सकती हैं। इसलिए ब्रेन की हिफाजत करना बेहद जरूरी है। साथ ही मस्तिष्क को स्वस्थ रखने के लिए अच्छी आदतें विकसित करना महत्वपूर्ण है। इसके लिए आपको अपनी जीवनशैली में कुछ बदलाव करने होंगे।



**पसीना बहाएं:** जो लोग शारीरिक रूप से सक्रिय रहते हैं, उनका दिमाग तेज रहने की संभावना अधिक होती है। नियमित शारीरिक गतिविधि संतुलन, लचीलापन, ताकत, ऊर्जा और मनोदशा में सुधार लाने में भी सहायक होती है। शोध से पता चलता है कि व्यायाम करने से अल्जाइमर रोग होने का खतरा कम हो सकता है।

**सिर की सुरक्षा जरूरी:** मस्तिष्क की चोट किसी व्यक्ति के जीवन पर दीर्घकालिक रूप से गहरा प्रभाव डाल सकती है। मस्तिष्क की चोटें सोचने-समझने की क्षमता, स्मृति, समन्वय, वाणी और भावनाओं को प्रभावित कर सकती हैं। अपने मस्तिष्क की सुरक्षा के लिए, सिर में चोट लगने के जोखिम वाली किसी भी गतिविधि को करते समय हमेशा हेलमेट पहनें। जैसे-साइकिल चलाना, स्कीइंग करना, घुड़सवारी करना या मोटरसाइकिल, स्नोमोबाइल या ऑल-टेरेन वाहन का उपयोग करते समय हेलमेट जरूर पहनें। सिर में चोट लगने के अन्य सामान्य कारणों में कार दुर्घटनाएं भी शामिल हैं। कार में सीट बेल्ट पहनकर सिर पर चोट लगने से बच सकते हैं। गिरने से बचने के लिए, सीढ़ियों पर, ऊबड़-खाबड़ जमीन पर या किसी अपरिचित जगह पर सावधानी से चलें। घर में सीढ़ियों और गलियारों से फालतू सामान हटाकर गिरने से बचाव करें। सीढ़ियों में पर्याप्त रोशनी रखें। सुनिश्चित करें कि सभी कालीन और गलीचे फर्श पर मजबूती से बिछे हों ताकि आप फिसलें नहीं।



**पर्याप्त सावधानी बरतें:** कुछ स्वास्थ्य समस्याएं हमारी सोचने और याददाश्त संबंधी परेशानियों को बढ़ा सकती हैं। इनसे स्ट्रोक का खतरा भी बढ़ सकता है, जिससे मस्तिष्क की रक्त वाहिकाएं क्षतिग्रस्त हो सकती हैं। इनमें से सबसे आम समस्याएं मधुमेह, हृदय रोग और उच्च रक्तचाप हैं। यदि आपको इनमें से कोई स्वास्थ्य समस्या है, तो अपने डॉक्टर के निर्देशों का पालन करें।

**सामाजिक दायरा बढ़ाएं:** सामाजिक मेलजोल अवसाद और तनाव को दूर करने में सहायक होता है। ये दोनों मानसिक रोग याददाश्त कमजोर होने की समस्या को बढ़ा सकते हैं। सामाजिक अलगाव और अकेलापन सोचने-समझने की क्षमता में गिरावट और अल्जाइमर रोग के जोखिम से भी जुड़े हुए हैं। इसलिए अपना सामाजिक दायरा बढ़ाएं, लोगों से मेलजोल रखें।


**अच्छी नींद लें:** रोज अच्छी नींद लेना, ठीक वैसे ही है जैसे फोन को चार्ज करने के लिए प्लग लगाना। अच्छी नींद लेने से मस्तिष्क की कार्यक्षमता और याददाश्त बेहतर होती है, सतर्कता बढ़ती है और दैनिक कार्यों को करना आसान हो जाता है। आराम करने से तनाव और अवसाद भी कम होता है।

**ब्रेन फूड लें:** स्वस्थ खाद्य पदार्थों से भरपूर आहार मस्तिष्क को ऊर्जा प्रदान करता है, जिससे मानसिक एकाग्रता में सुधार होता है और सोचने-समझने की क्षमता में गिरावट धीमी होती है। माइंड डाइट यानी मेडिटरेनियन डैश इंटरवेंशन फॉर न्यूरो डिजेनरेटिव डिले एक विशेष खान-पान प्लान है, जो दिमाग की सेहत को सुधारने, याददाश्त तेज करने और अल्जाइमर या डिमेंशिया (मनोभ्रंश) के जोखिम को कम करने के लिए डिजाइन की गई है। यह 'मेडिटेरेनियन' और 'डैश' डाइट का मिश्रण है, जो मुख्य रूप से हरी पत्तेदार सब्जियों, बेरीज, नट्स और साबुत अनाज को अपने डाइट में शामिल करने पर जोर देती है। *

**(अपोलो हॉस्पिटल, कोलकाता के न्यूरोसर्जन डॉ. बिनोद कुमार सिंघानिया से बातचीत पर आधारित)**

## ब्रेन एक्सरसाइज करें

**जिस प्रकार** शारीरिक गतिविधि आपके शरीर को चुस्त-दुरुस्त रखती है, उसी प्रकार दिमाग को सक्रिय रखने वाली गतिविधियां आपके मस्तिष्क को भी चुस्त-दुरुस्त रखती हैं। ये गतिविधियां मस्तिष्क की कार्यक्षमता और स्मृति को बेहतर बनाने में सहायक हो सकती हैं। इसके लिए क्रॉसवर्ड पहेलियां हल करें, अलग-अलग विषय पढ़ें, खेल खेलें या कोई वाद्य यंत्र बजाना सीखें। साथ ही कोई नया शौक अपनाएं या किसी स्थानीय विद्यालय या सामुदायिक समूह में स्वयंसेवा करें।





## खबर संक्षेप

### गर्भवती महिलाओं को संतुलित आहार और नियमित जांच जरूरी : डा. रश्मि



**बिलासपुर।** वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रश्मि शर्मा ने रविवार 11 जुलाई को गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष बेबी शॉवर कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में 50 गर्भवती महिलाओं ने अपने पतियों के साथ उत्साहपूर्वक भाग लिया। समारोह स्थल को आकर्षक सजावट से सजाया गया था, जिससे उत्सव का माहौल बना रहा। इस दौरान गर्भवती महिलाओं के लिए विभिन्न मनोरंजक गेम्स और गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने उत्साह से हिस्सा लिया। कार्यक्रम में कंसल्टेंट स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. शाम्भवी कल्याणी ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई और गर्भवती महिलाओं को सुरक्षित गर्भावस्था, संतुलित आहार, नियमित जांच, प्रसव पूर्व देखभाल तथा स्वस्थ मातृत्व से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी। कार्यक्रम का उद्देश्य मातृत्व के इस विशेष सफर को खुशी, जागरूकता और आत्मीयता के साथ यादगार बनाना था।

### वार्ड नंबर 19 कस्तूरबा नगर में 50 लाख के विकास कार्य का भूमिपूजन




**बिलासपुर।** बुधवार को वार्ड नंबर 19 कस्तूरबा नगर में लगभग 50 लाख रुपए के विकास कार्य का विभिन्न स्थानों पर रोड एवं नालियों का भूमि पूजन किया गया। इस कार्यक्रम में वार्ड पार्षद एवं नेता प्रतिपक्ष भरत कुमार कश्यप, परिजात एक्सटेंशन के अध्यक्ष अमित कुमार सिंह, संरक्षक मीना अग्रवाल, आशीष पाल, रितेश सिंह, संदीप ठाकुर, राजेश दुबे, अनिल पांडे आदि कॉलोनी वासी उपस्थित रहे। इस कार्य को वार्ड में होते देखकर जनता में काफी हर्ष व्याप्त है। उन्होंने पार्षद एवं नेता प्रतिपक्ष श्री कश्यप को इस कार्य के लिए धन्यवाद दिया है।

### डीआरटी के आदेश पर भवन भूमि का कब्जा सौंपा



**बिलासपुर।** ऋण वसूली अधिकरण (डीआरटी) जबलपुर के वसूली अधिकारी नीलेश कुमार अवधिया के आदेश पर जिले में एक भवन भूमि का भौतिक कब्जा विधिवत रूप से संपत्ति खरीदार को सौंपा गया। यह कार्रवाई शहर की भूमि पर की गई। मौजा तोरवा प ह नं 22/34 तहसील व जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ खसरा नं 711 क्षेत्रफल 880 वर्गफुट संपत्ति खरीदार भावेश पुजारा की मौजूदगी में तहसीलदार आकाश गुप्ता के निर्देश पर गठित राजस्व टीम ने मौके पर पहुंचकर भूमि का राजस्व रिकॉर्ड के अनुसार चिन्हांकन और सीमांकन किया। सीमांकन प्रक्रिया के बाद संयुक्त टीम ने बैंक अधिकारियों, पुलिस बल थाना तोरवा के सहयोग से संपत्ति का भौतिक कब्जा भावेश पुजारा को सौंप दिया। इस प्रक्रिया को डीआरटी जबलपुर ने नियुक्त कोर्ट कमिश्नर एडवोकेट महेश पांडेय के मार्गदर्शन पूरा किया गया साथ ही इंडियन बैंक बिलासपुर के शाखा प्रबंधक संदीप सागर और अन्य अधिकारी की उपस्थिति रही।

### अमित ने किया पं. देवकीनंदन स्कूल को श्रीचंद जेठानी की स्मृति में वाटर कूलर भेंट



**बिलासपुर।** पंडित देवकीनंदन दीक्षित स्कूल में लगभग 600 छात्र-छात्राओं के स्वच्छ पीने के पानी की समस्या को देखते हुए समाज सेवी अमित जेठानी और प्रकाश सोंथालिया ने पाठशाला आकर जेठानी परिवार के अमित जेठानी महामाया विहार वेयर हाउस रोड द्वारा अपने पिता स्वर्गीय श्रीचंद जेठानी की स्मृति में एक वाटर कूलर प्रदान किया। इस सराहनीय कार्य के लिए शाला परिवार ने उनका आभार व्यक्त किया है। इस कार्यक्रम में प्राचार्य कल्पना दास सहित बड़ी संख्या में छात्राएं और शिक्षक मौजूद थे।

### प्रदेश साहू संघ युवा प्रकोष्ठ के गेंदलाल प्रदेश सलाहकार मनोनीत किए गए



**बिलासपुर।** प्रदेश साहू संघ युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक शशिकांत साहू की अनुशंसा से प्रदेश के समस्त पदाधिकारियों की लिस्ट जारी हुई है। जिसमें बिलासपुर से गेंदलाल साहू प्रदेश सलाहकार मनोनीत किए गए हैं।

### रेलवे अधिकारी के सूने घर में चोरी का प्रयास दुर्ग जेल से दो गिरफ्तार

**बिलासपुर।** रेलवे अधिकारी के सूने घर में चोरी का प्रयास करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने दुर्ग जेल से रिमांड पर लेकर गिरफ्तार किया है। तारबाहर पुलिस के अनुसार 30 अप्रैल को रेलवे आफिसर्स कालोनी निवासी मनोज गुरूमुखी के सूने मकान में चोरी का प्रयास किया गया था। जांच में पता चला कि चोरी का प्रयास करने वाले मोहम्मद नासिर पिता मो. आरिफ 32 साल कालिंदी दिल्ली, हासिम पिता जब्बार 24 साल शालीमार गार्डन गली मेरठ निवासी चोरी के मामले में पहले से दुर्ग जेल में बंद है। पुलिस ने प्रोडक्शन वारंट में दोनों आरोपियों को दुर्ग जेल से लाकर गिरफ्तार किया है।

**हो रहे हादसे** — वेयर हाउस रोड में दुर्घटना के बाद नगर निगम और ट्रैफिक पुलिस की नींद खुली

# 80 फीट की स्मार्ट सड़क पर सरपट दौड़ रहीं गाड़ियां, अब बनाया जाएगा डिवाइडर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कभी मिट्टी तेल गली के नाम से जाने जाना वाली सड़क आज स्मार्ट हो गई है। संकरी सड़क 80 फीट की हो गई और गाड़ियां सरपट दौड़ रही हैं। यही भागते वाहन दुर्घटना का कारण भी बन रहे हैं।

900 मीटर की इस सड़क पर ना तो एक भी ब्रेकर है और ना ही डिवाइडर ही बनाए गए हैं। दो दिन पहले इस सड़क के बगल में स्थित वेयर हाउस रोड पर तेज रफ्तार ने एक 17 साल के बालक की जान ले ली थी। इस दुर्घटना के बाद नगर निगम और ट्रैफिक पुलिस की शायद नींद खुली है और अब डिवाइडर बनाने की बात कही जा रही है।



#### बनाया जाएगा डिवाइडर

निगम और ट्रैफिक पुलिस के अधिकारियों ने स्मार्ट रोड का पूरा निरीक्षण किया। जल्द ही इसमें डिवाइडर बनाए जाएंगे। साथ ही संकेतक भी लगेंगे। सड़क पर जो बेतरतीब गाड़ियां खड़ीं रहतीं है उन्हें हटाया जाएगा।

- प्रकाश कुमार सर्वे, निगम आयुक्त

#### स्मार्ट सड़क अवैध पार्किंग की भेंट चढ़ी

दूसरी ओर शहर की यह पहली स्मार्ट सड़क अवैध पार्किंग के भेंट चढ़ गई है। सड़क में कार पार्किंग की वजह से इस चौड़ी सड़क का सही उपयोग वाहन चालक नहीं कर पा रहे हैं। इसकी वजह से दुर्घटनाएं भी हो रहीं है। इसके बाद भी नगर निगम व यातायात पुलिस बेसुध बने हुए हैं। यह शहर की सबसे हाईटेक सड़क है जो 80 फिट चौड़ी है। लेकिन अब इस सड़क पर भी अन्य सड़कों की तरह बेतरतीब पार्किंग की समस्या उठ खड़ी हुई है। आसपास रहने वाले लोग अपनी कार को सड़क पर खड़ी कर रहे हैं। नतीजन आने जाने वाले भी बेखौफ नो पार्किंग में अपनी गाड़ी खड़ी कर दे रहे हैं। ऐसे में इस सड़क के कई हिस्से में इतनी अधिक गाड़िया खड़ी हो जा रही है कि कई दफा जाम लग जाता है।

#### पाथवे का भी उपयोग नहीं कर पा रहे लोग

गलत पार्किंग की वजह से वाक के लिए बनाए गए पाथ वे का भी लोग उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। सड़क पर लोगों के बैठने के लिए कुर्सियां लगाई गई है। वाक करने के लिए वाकिंग जोन बनाया गया है। इलेक्ट्रानिक गाड़ियों के लिए चार्जिंग जोन भी है लेकिन सड़क पर बेतरतीब ढंग से चार पहिया वाहनों को खड़ा कर देने से इनका उपयोग लोग नहीं कर पा रहे हैं। कई बार इसके लिए निगम प्रबंधन को शिकायत भी किया गया है लेकिन इस दिशा में कोई भी कदम नहीं उठाया जा रहा है। गौरतलब है कि नेहरू नगर से मिट्टी तेल वाली गली होकर भक्त कंवर राम रोड तक पहुंचने वाली सड़क स्मार्ट रोड में बदल गई है। कभी 10 फिट की इस सड़क पर गाड़ियों का गुजरना मुश्किल था। अतिक्रमण, स्लम बस्तियों के बीच कई परेशानियों ने लोगों का जीवन प्रभावित कर रखा था। इन बस्तियों में कई तरह के अपराध भी हुआ करते थे। खासतौर पर मिट्टी तेल वाली गली में। जहां के लोगों को हटाना जिला प्रशासन के अधिकारियों के लिए चुनौती से कम नहीं था।

कुछ बड़े साइज की शर्टों का निर्माण अब तक पूरा नहीं हो सका

# स्कूल खुले 15 दिन बीत गए, जिले के 2 लाख और प्रदेश के 19 लाख छात्रों को नहीं मिला ड्रेस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रदेश में नया शैक्षणिक सत्र शुरू हुए 15 दिन से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन जिले के अधिकांश शासकीय स्कूलों में कक्षा पहली से आठवीं तक के विद्यार्थियों को अब तक एक भी जोड़ी स्कूल यूनिफॉर्म नहीं मिल सकी है। स्थिति यह है कि जिले के केवल एक विकासखंड में ही सीमित वितरण शुरू हो पाया है, जबकि अन्य क्षेत्रों के बच्चे अब भी यूनिफॉर्म का इंतजार कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ राज्य हाथकरघा विकास एवं विपणन सहकारी संघ मर्यादित के अनुसार, कुछ बड़े साइज (31, 32, 33 और 34) की शर्टों का निर्माण अभी पूरा नहीं हुआ है, जिसके कारण पूरे प्रदेश में यूनिफॉर्म वितरण प्रभावित हुआ है। विभाग का कहना है कि वर्तमान में लगभग 15 लाख सेट तैयार हैं और शेष यूनिफॉर्म तैयार होते ही एक सप्ताह के भीतर सभी जिलों में वितरण पूरा करने का प्रयास किया जाएगा।

- **समय पर यूनिफॉर्म नहीं मिलने और गलत साइज मिलने से अभिभावकों को खर्च करनी पड़ रही राशि**

गौरतलब है कि इस शैक्षणिक सत्र में पहली से आठवीं कक्षा तक प्रत्येक विद्यार्थी को एक साथ दो-दो सेट यूनिफॉर्म देने का निर्णय लिया गया है। पहले यह प्रक्रिया दो चरणों में होती थी, लेकिन इस बार शुरुआती देरी ने व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। बड़े साइज, कमजोर सिलाई और अधूरी सप्लाई से परेशानी बढ़ी है। इधर अभिभावकों का कहना है कि स्कूल यूनिफॉर्म बच्चों की रोजमर्रा की जरूरत है। समय पर यूनिफॉर्म नहीं मिलने और गलत साइज मिलने से उन्हें अपने खर्च पर सिलाई में सुधार कराना पड़ रहा है या वैकल्पिक व्यवस्था करनी पड़ रही है।



#### वितरण का किया जा रहा प्रयास

कुछ साइज की शर्ट का निर्माण शेष है, जिसे शीघ्र पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद एक सप्ताह के भीतर सभी जिलों में यूनिफॉर्म वितरण पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है।

- **एमएम जोशी**, सचिव, छत्तीसगढ़ राज्य हाथकरघा विकास एवं विपणन सहकारी संघ मर्यादित

#### कई जिलों में दूसरे सेट की आपूर्ति अभी लंबित

गौरतलब है कि प्रदेश स्तर पर कुल 50 लाख 93 हजार 764 यूनिफॉर्म सेट की मांग के विरुद्ध 31,42,252 सेट की आपूर्ति हुई है, जबकि 19,51,512 सेट अभी भी वितरित नहीं हो पाए हैं। यह कुल मांग का लगभग 38 प्रतिशत हिस्सा है। कई जिलों में में भी अब तक केवल पहला सेट ही वितरित हुआ है। यहां कुल 3,90,307 सेट की आपूर्ति दर्ज की गई है, जबकि दूसरे सेट की आपूर्ति अभी लंबित है। ध्यान रहे कि विभाग ने दावा किया था कि 10 जून तक प्रदेश के सभी जिलों में दो-दो सेट गणवेश पहुंचा दिए जाएंगे, ताकि प्रवेशोत्सव के दौरान विद्यार्थियों को समय पर लाभ मिल सके। ऐसा लेकिन नहीं हो सका।

#### कत्थे रंग की पैंट और नीले रंग की चेक शर्ट

गौरतलब है कि सरकारी गणवेश पहली से आठवीं तक के बच्चों को दिया जाता है। अधिकारियों के मुताबिक इस सत्र में बच्चे पुरानी सफेद शर्ट और नीली पैंट की जगह कत्थे रंग की पैंट और नीले रंग की चेक शर्ट में नजर आएंगे। छत्तीसगढ़ राज्य हाथकरघा विकास एवं विपणन सहकारी संघ द्वारा गणवेश निर्माण और आपूर्ति का कार्य किया जा रहा है। प्रदेश के सरकारी और अनुदान प्राप्त स्कूलों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को इस बार प्रवेश उत्सव के समय ही दो-दो सेट गणवेश (यूनिफॉर्म) उपलब्ध कराने की तैयारी है। अब तक विद्यार्थियों को शैक्षणिक सत्र की शुरुआत में एक सेट गणवेश दिया जाता था, जबकि दूसरा सेट अक्टूबर-नवंबर में बांटा जाता था। इस वर्ष व्यवस्था में बदलाव करते हुए दोनों सेट एक साथ उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है।

## रमन विवि के छात्रों को मिला आधुनिक पुस्तकालय प्रबंधन का प्रशिक्षण



**बिलासपुर।** डॉ. सी.वी. रमन विश्वविद्यालय कोटा स्थित जेपी चौबे केंद्रीय पुस्तकालय द्वारा आयोजित पुस्तकालय इंटर्नशिप कार्यक्रम का समापन हो गया। 8 जुलाई से 13 अगस्त तक चले इस प्रशिक्षण में विश्वविद्यालय सहित विभिन्न शिक्षण संस्थानों के 30 प्रशिक्षुओं ने आधुनिक पुस्तकालय प्रबंधन की व्यावहारिक कार्यप्रणाली का प्रशिक्षण प्राप्त किया।

कार्यक्रम का उद्देश्य पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान के विद्यार्थियों को व्यवहारिक ज्ञान प्रदान कर उन्हें तकनीक-सक्षम और दक्ष पुस्तकालय विशेषज्ञ के रूप में तैयार करना था। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को पुस्तकालय प्रशासन, पुस्तक क्रय, वर्गीकरण, सूचीकरण, पुस्तकालय प्रबंधन प्रणाली, आरएफआईडी आधारित पुस्तक निर्गमन एवं वापसी, संदर्भ सेवाएं, डिजिटल पुस्तकालय, संस्थागत ज्ञान भंडार, ई-संसाधनों के प्रबंधन, पुस्तकालय स्वचालन, पुस्तक सत्यापन तथा पाठक सेवाओं का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षुओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित पुस्तकालय सेवाओं, डिजिटल सूचना प्रबंधन और शोध सहयोग सेवाओं से भी परिचित कराया गया। नियमित अभ्यास, प्रदर्शन, समूह गतिविधियों और संवादात्मक सत्रों के माध्यम से उन्हें आधुनिक पुस्तकालय विज्ञान की कार्यप्रणाली का व्यावहारिक अनुभव मिला। कुलसचिव डॉ. अरविंद कुमार तिवारी ने कहा कि पुस्तकालय केवल ज्ञान का भंडार नहीं, बल्कि नवाचार और अनुसंधान का मजबूत आधार है। वहीं केंद्रीय पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. संगीता सिंह ने कहा कि इंटर्नशिप का उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकों और गुणवत्तापूर्ण पुस्तकालय सेवाओं का व्यवहारिक अनुभव प्रदान करना है, ताकि वे भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप कुशल एवं उत्तरदायी पुस्तकालय विशेषज्ञ बन सकें।

## अमित जोगी चलाएँगे बेटा बचाओ आंदोलन

**बिलासपुर।** जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़-जे के अध्यक्ष अमित जोगी ने अपने आपको को छत्तीसगढ़ की राजनीति में काकारोच बताते हुए कहा कि मैने जूदेव, जग्गी, जाति, जन्म से लेकर झीरम तक का झंझाल झेला है। उन्होंने कहा कि टीएमसी, एनसीपी और शिवसेना जैसी पार्टी आपरेशन लोटस के आगे बिखर गई तो ऐसे में हम पार्टी को लेकर खड़े हुए हैं। छत्तीसगढ़ के प्रथम मुख्यमंत्री स्व. अजीत जोगी की विचारधारा को नए स्वरूप में आगे बढ़ाने के उद्देश्य से जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़-जे द्वारा जेसीसीजे 2.0 नया विजन, नया स्वरूप, नई कार्ययोजना को लेकर जेसीसीजे पार्टी के अध्यक्ष अमित जोगी बुधवार को प्रेस क्लब में पत्रकारों से चर्चा की।

इस अवसर पर पार्टी की नेता डॉ. रेणु जोगी भी मौजूद रहीं। अमित जोगी ने बताया कि वे अंधकार भरे दौर से गुजरे हैं, जिसमें उनकी मां रेणु जोगी ढाल बनकर उनके साथ खड़ी रहीं, इसलिए हम अपनी पार्टी का पहला कदम बेटा बचाओ आंदोलन से कर रहे हैं।



उन्होंने कहा कि प्रदेश में युवाओं की बड़ी तादाद बेरोजगारी और नशे में जाल में फंस रही है और बेरोजगारी, नशाखोरी एवं बढ़ते अपराध छत्तीसगढ़ के लिए चुनौती हैं, इसलिए उन पीड़ित परिवारों के लिए उनकी पार्टी जेसीसीजे पुरजोर आवाज बनेगी।

- **अपने आपको छग की राजनीति में बताया कॉकरोच**

उन्होंने कहा कि मैं अपनी राजनीति सोच स्पष्ट करना चाहता हूं कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने लोकतंत्र को बंधक बनाए रखा है। वही तय करते हैं कि कौन चुनाव लड़ेगा और कौन वोट करेगा। उन दोनों के पीछे भी दो लोग अडाणी और अंबानी हैं। अब समय आ गया है कि सभी राजनीति दलों को एकजुट होकर भाजपा से लोकतंत्र को छीन लें। उन्होंने छत्तीसगढ़ की स्थिति पर चर्चा करते हुए कहा कि नकटी में विधायक आवास बनाने 80 परिवारों को विस्थापित कर दिया गया। बिलासपुर के लिंगियाडीह में मॉल बनाने के लिए बुलडोजर चलाया गया, इसलिए अब मैं जनता के बीच जाऊंगा और नेता के रूप में नहीं, बल्कि एक वकील के रूप में कानूनी लड़ाई लडूंगा। भविष्य में कांग्रेस वापसी के सवाल पर अमित जोगी का कहना है कि राजनीति में दरवाजे बंद हो जाते हैं पर खिड़की हमेशा खुली रहती है।

## केंद्रीय टीम ने वीबी-जीरामजी एवं 'प्रोजेक्ट उन्नति' की प्रगति का लिया जायजा

**बिलासपुर।** भारत सरकार के संयुक्त सचिव (वित्त) पवनेश कुमार शर्मा एवं अवर सचिव राहुल कुमार श्रीवास्तव ने जिले के जनपद पंचायत बिल्हा एवं कोटा क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टीम ने वीबी-जीरामजी योजना, प्रोजेक्ट उन्नति तथा अन्य डिजिटल पहलों के अंतर्गत प्रगतिरत विकास कार्यों का अवलोकन किया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ संदीप कुमार अग्रवाल सहित प्रशासनिक एवं तकनीकी अधिकारी उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान केंद्रीय अधिकारियों ने कार्यस्थलों पर लगाए गए सूचना बोर्ड के क्यूआर कोड को स्वयं स्कैन कर डिजिटल अभिलेखों एवं वास्तविक प्रगति का मिलान किया। इससे विकास कार्यों में पारदर्शिता एवं तकनीकी निगरानी की व्यवस्था का आकलन किया गया। केंद्रीय टीम ने भारतीय स्टेट बैंक स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा संचालित 'प्रोजेक्ट उन्नति' के अंतर्गत ग्रामीण युवाओं के लिए आयोजित राजमिस्त्री प्रशिक्षण कार्यक्रम का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कोटा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत पटेता में सामुदायिक जल संवर्धन तालाब निर्माण तथा नवीन पंचायत भवन निर्माण कार्य, धनरास में सामुदायिक जल संवर्धन तालाब जीर्णोद्धार तथा करगीकला में मिनी परकोलेशन टैंक निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। इन कार्यों के माध्यम से बड़ी संख्या में मानव दिवस सृजित हुए हैं तथा ग्रामीण क्षेत्र में जल संरक्षण एवं आधारभूत संरचना को मजबूती मिल रही है। ग्रामीणों को बताया गया कि योजना के अंतर्गत पात्र परिवारों को 125 दिनों का सुनिश्चित रोजगार तथा प्रतिदिन 300 रुपये की बढ़ी हुई मजदूरी दर का लाभ प्रदान किया जा रहा है। निरीक्षण उपरांत केंद्रीय टीम ने जिले में विकास कार्यों के क्रियान्वयन, डिजिटल निगरानी व्यवस्था, पारदर्शिता एवं कौशल विकास संबंधी प्रयासों की सराहना करते हुए इन पहलों को ग्रामीण विकास की दिशा में महत्वपूर्ण बताया। इस दौरान सहायक परियोजना अधिकारी वीबी-जीरामजी अनुराधा शुक्ला, जनपद पंचायत सीईओ युवराज सिन्हा, कार्यक्रम अधिकारी वीबी-जीरामजी विकास कुमार जायसवाल मौजूद रहे।



## बारिश में सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन करने निर्देश



**बिलासपुर।** स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड ने विद्युत सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से एक दिवसीय सुरक्षा संबंधी बैठक आयोजित किया। इसमें बिलासपुर वृत्त के बिलासपुर, सकरी, मुंगेली, पेण्ड्रारोड संभाग के सभी कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता, कनिष्ठ अभियंता मौजूद थे।

अधीक्षक अभियंता सुरेश कुमार जांगड़े ने सुरक्षा व्यवस्था की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करते हुए संवेदनशील स्थानों की सुरक्षा, आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया, सुरक्षा मानकों कें प्रभावी पालन के संबंध में निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि विद्युत दुर्घटना से बचाव के लिए व्यापक जन जागरूकता अभियंता चलाएं जाएं। फसलों की सुरक्षा के लिए लगाई गई फेंसिंग तारों में करंट प्रवाहित नहीं करने की समझाइश दी जाए, ताकि कोई व्यक्ति इसका शिकार न हो सके। इसके अलावा 11 केव्ही अथवा निम्नदाब लाइन के नीचे मकान निर्माण नहीं करने के संबंध में लोगों को जागरूक करें, यदि किसी व्यक्ति द्वारा निर्माण किया गया हो तो उन्हें तत्काल ही हटाने के लिए नोटिस जारी किया जाए।

एसईसीएल निदेशक (एचआर) बिरंची दास ने ब्रिक्स मंच पर साझा किए श्रेष्ठ एचआर मॉडल

## ब्रिक्स ट्रेड यूनियन फोरम समिट में एसईसीएल ने किया कोल इंडिया का प्रतिनिधित्व

**बिलासपुर।** भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता-2026 के तहत हैदराबाद में 14 से 16 जुलाई तक आयोजित ब्रिक्स ट्रेड यूनियन फोरम समिट में एसईसीएल ने कोल इंडिया लिमिटेड का प्रतिनिधित्व किया। इस अवसर पर एसईसीएल के निदेशक (मानव संसाधन) बिरंची दास ने ब्रिक्स+ देशों में सर्वोत्तम प्रथाएं विषय पर आयोजित पैनल चर्चा में भाग लेते हुए अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों के समक्ष कोल इंडिया की मानव संसाधन, कर्मचारी कल्याण एवं सामाजिक विकास संबंधी प्रमुख पहलों को साझा किया।




उन्होंने देश के सबसे बड़े नियोक्ताओं में शामिल कोल इंडिया के 2.2 लाख से अधिक कर्मचारियों के लिए संचालित कर्मचारी कल्याण, महिला सशक्तिकरण, कौशल विकास तथा सौहार्दपूर्ण औद्योगिक संबंधों की सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि किस प्रकार जन-केंद्रित नीतियों और सहभागी कार्यसंस्कृति के माध्यम से संगठन उत्पादकता और कर्मचारी हितों के बीच संतुलन स्थापित कर रहा है। उन्होंने एसईसीएल की सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) आधारित पहलों का भी उल्लेख किया। एसईसीएल के सुश्रुत एवं एसईसीएल की धड़कन जैसी योजनाओं के माध्यम से कोयलांचल क्षेत्रों में शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में हो रहे सकारात्मक बदलावों की जानकारी भी अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों के साथ साझा की।

#### बदलती कार्य दुनिया में महिलाओं की भूमिका

उल्लेखनीय है कि भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता-2026 की थीम रेज़िलिएंस, इनोवेशन, कोऑपरेशन एंड सस्टेनेबिलिटी है। इसी क्रम में आयोजित तीन दिवसीय इस अंतरराष्ट्रीय समिट में 50 से अधिक विदेशी प्रतिनिधियों के साथ भारतीय ट्रेड यूनियनों के प्रतिनिधि, श्रम विशेषज्ञ एवं शिक्षाविद शामिल हुए। समिट में सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा, भविष्य के कार्यबल के लिए कौशल विकास, मानव-केंद्रित प्रौद्योगिकी एवं उत्तरदायी कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) तथा बदलती कार्य दुनिया में महिलाओं की भूमिका जैसे विषयों पर व्यापक चर्चा की गई।

## भालू की बिसरा रिपोर्ट भेजी गई जबलपुर

**बिलासपुर।** वन विकास निगम ने भालू का अंतिम संस्कार करने के बाद बिसरा रिपोर्ट जबलपुर भेज दिया है। कुछ दिन पहले खोंगसरा और भनवारटंक के पास रेल लाइन पर ट्रेन आते देख भालू नीचे कूद गया था, जिसकी सिर में गंभीर चोट लगने के कारण मौत हो गई थी। पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टरों की टीम ने भालू की मौत का कारण लंग्स में चोट के कारण खून जमा होना बताया। इसके बाद विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की मौजूदगी में भालू का अंतिम संस्कार कर दिया गया। डॉक्टरों ने वन विकास निगम को अपनी रिपोर्ट सौंप दी है, जिसमें भालू की मौत कारण स्वभाविक बताया है। इस रिपोर्ट के बाद वन विकास निगम ने भालू का बिसरा एकत्रित करने के बाद जांच के लिए जबलपुर भेज दिया है।





# यश की टॉक्सिक से क्लैश बदलेगी ईठा की रिलीज डेट

**मुंबई।** यश की 'टॉक्सिक' और श्रद्धा कपूर की 'ईठा' का बॉक्स ऑफिस पर क्लैश होने वाला है। दोनों ही फिल्मों को लेकर काफी बज है। हालांकि, अब खबरें हैं कि 'ईठा' की रिलीज पोस्टपोन की जा सकती है। साउथ सुपरस्टार यश फिल्म 'टॉक्सिक' को लेकर खबरों में हैं। ये फिल्म मार्च में रिलीज होने वाली थी लेकिन फिल्म पोस्टपोन हुई और अब फिल्म 26 अगस्त को रिलीज हो रही है। यश की 'टॉक्सिक' को लेकर बज इतना ज्यादा है कि बाकी फिल्ममेकर अपनी फिल्में इस समय रिलीज करने से परहेज कर रहे हैं. हाल ही में सिद्धार्थ मल्होत्रा और तमन्ना भाटिया की फिल्म वेवान की रिलीज डेट भी पोस्पोन हुई।



लाइफ Style

# शहनाज

## पर्सनल लाइफ पर बात करने से किया इंकार

एजेंसी ⏭ मुंबई

हाल ही में शहनाज गिल और राघव जुयाल का एक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुआ था, जिसके बाद दोनों के अफेयर की चर्चाएं तेज हो गई थीं। अब शहनाज ने इन अफवाहों पर अपनी प्रतिक्रिया दी है।

एक इंटरव्यू के दौरान जब शहनाज से राघव जुयाल के साथ उनके रिश्ते को लेकर सवाल पूछा गया, तो उन्होंने अपनी निजी जिंदगी पर बात करने से साफ मना कर दिया। उन्होंने कहा, 'प्लीज मुझसे पर्सनल सवाल मत पूछिए।' शहनाज ने राघव को अपना बेहद करीबी और अच्छा दोस्त बताया। उन्होंने अफेयर की खबरों पर ध्यान न देते हुए बातचीत का रुख राघव के काम की तरफ मोड़ दिया। शहनाज ने राघव की आने वाली फिल्म 'भाई तेरा स्टार है' को सपोर्ट करने की अपील की है। उन्होंने राघव की तारीफ करते हुए कहा, राघव पहली बार किसी फिल्म में बतौर मुख्य अभिनेता नजर आने वाले हैं। उनका कोई फिल्मी बैकग्राउंड नहीं है, उन्होंने आज जो भी मुकाम हासिल किया है वह सिर्फ अपनी मेहनत और टैलेंट के दम पर किया है। इसलिए, सभी लोग सिनेमाघरों में जाकर उनकी फिल्म 'भाई तेरा स्टार है' को जरूर देखें और उन्हें पूरा सपोर्ट करें। फिल्म 'भाई तेरा स्टार है' दुनिया भर के सिनेमाघरों में 30 जुलाई को रिलीज होगी। इस फिल्म का निर्देशन विवेक बी. अग्रवाल ने किया है। यह एक कॉमेडी फिल्म है। इस फिल्म में राघव जुयाल मुख्य भूमिका (अजय सिंह) में नजर आएंगे। साथ ही संजय कपूर और निहारिका एनएम भी प्रमुख किरदारों में हैं। वहीं, अभिनेत्री शहनाज गिल इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'इश्कनामा' को लेकर भी सुर्खियों में हैं। इसमें उनके साथ एक्टर गुरु रंधावा नजर आएंगे। यह फिल्म निम्मा-निम्मी की प्रेम कहानी पर आधारित है। शहनाज गिल पाकिस्तानी लड़की 'नसीमा' की भूमिका में हैं। वहीं, गुरु रंधावा ने 'निम्मा' का किरदार अदा किया है। फिल्म 'इश्कनामा' का ट्रेलर 14 जुलाई को रिलीज हुआ है। फिल्म क्योंकि लव स्टोरी है, इसमें मोहब्बत की खुशबू है, मगर साथ ही दूर होने की तड़प भी है। सरहदें दो प्यार करने वालों की बीच दीवार बनती हैं। ट्रेलर में 1982 का साल दिखाया गया है। निम्मा (गुरु रंधावा) पाकिस्तान जाता है। वहां, मुलाकात पाकिस्तान की नसीमा से होती है। नसीमा सिर्फ सरहद पार की नहीं है, बल्कि मजहब भी अलग है।

हॉलीवुड मसाला




# ऑब्सेशन के सीक्वल की कोई योजना नहीं

**लॉस एंजिल्स।** ऑब्सेशन फिल्म के मुख्य अभिनेता माइकल जॉनस्टन ने एक इंटरव्यू में यह साफ किया है कि इस फिल्म के सीक्वल की फिलहाल कोई योजना नहीं है। माइकल ने कहा कि हालांकि वे इस फिल्म के अगले भाग में काम करना पसंद करेंगे, लेकिन अभी ऐसा कोई प्लान नहीं है। माइकल ने मजाक में कहा कि फिल्म में उनके किरदार 'बेयर' को जो अंत मिला, दर्शक उसी के हकदार उसे मानते थे। इसलिए शायद ही लोग उसकी वापसी चाहें। हालांकि, उन्होंने फिल्म के निर्देशक करी बार्कर के उस आइडिया की तारीफ की, जिसमें इस फिल्म को एक अलग-अलग कहानियों वाली सीरीज में बदलने की बात कही गई है।



# एंजेलिना-ब्रैड की बेटी ने हटाया पिता का सरनेम

**लॉस एंजिल्स।** एंजेलिना जोली और ब्रैड पिट की बेटी जहारा की उम्र 21 साल है। हाल ही में जहारा ने एक बड़ा फैसला लिया है। उन्होंने ब्रैड पिट का सरनेम अपने नाम से अलग कर लिया है। इससे पहले उनकी बहन शिलोह और भाई मैडॉक्स भी ऐसा कर चुके हैं। ब्रैड पिट का सरनेम अपने नाम से जहारा ने कानूनी प्रक्रिया के तहत हटाया है। टीएमजेड को मिले अदालती दस्तावेजों के मुताबिक जहारा ने कैलिफोर्निया के कानून के हिसाब से लगातार चार मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ब्रैड पिट का मानना है कि बच्चों के साथ उनके खराब रिश्ते के लिए एंजेलिना जोली जिम्मेदार हैं। साल 2016 में ब्रैड पिट और एंजेलिना जोली ने तलाक लिया था। यह तलाक हॉलीवुड में सबसे ज्यादा चर्चा में रहा। दरअसल, हॉलीवुड फैंस के बीच यह कपल आइडल माना जाता था, ऐसे में इनका अलग होना फैंस को दुखी कर गया।



# जिंदगी ना मिलेगी दोबारा के पूरे हुए 15 साल

**नई दिल्ली।** ऋतिक रोशन, फरहान अख्तर और अभय देओल की अदाकारी वाली फिल्म 'जिंदगी ना मिलेगी दोबारा' की रिलीज को बुधवार को 15 साल हो चुके हैं। इस मौके पर फरहान अख्तर ने अपनी इस फिल्म को याद किया है। उन्होंने इस फिल्म की कई बीटीएस तस्वीरें साझा की हैं। इसके साथ एक नोट लिखा है। फरहान ने जो तस्वीरें शेयर की हैं, उनमें फिल्म 'जिंदगी ना मिलेगी दोबारा' के कलाकार नजर आ रहे हैं। बीटीएस तस्वीरों में फरहान, ऋतिक रोशन, अभय देओल, कटरीना कैफ और कल्कि कोचलिन भी नजर आ रही हैं। तस्वीरों के साथ अभिनेता ने कैप्शन में लिखा '15 साल, अब भी हर पल का भरपूर फायदा उठा रहा हूं। फिल्म के 15 साल पर जश्न मना रहा हूं।' फरहान अख्तर की पोस्ट पर विनीत कुमार सिंह ने लिखा 'जिंदगी ना मिलेगी दोबारा क्लासिक है।'



# मुसाफिर कैफे का ट्रेलर रिलीज...

**मुंबई।** विक्रांत मैसी, वेदिका पिंटो और महिमा मकवाना की 'मुसाफिर कैफे' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इसमें तीन मुसाफिरों की अधूरी प्रेम कहानी की झलक देखने को मिली है। दर्शक इसे 24 जुलाई से नेटफ्लिक्स पर देख पाएंगे। 'मुसाफिर कैफे' दिव्य प्रकाश दुबे के इसी नाम के उपन्यास पर आधारित है। ट्रेलर की शुरुआत लाइब्रेरी के एक सीन से होती है, जहां चंदर (विक्रांत मैसी) और सुधा (वेदिका पिंटो) एक-दूसरे से बातें कर रहे हैं। वहीं, बैकग्राउंड में आवाज आ रही है, 'जिंदगी में हर मुसाफिर किसी वजह से मिलता है। कोई थोड़ी देर के लिए। कोई जिंदगी भर के लिए'। इसके बाद सुधार और चंदर के बीच करीबी बढ़ती है। दोनों साथ घूमते-फिरते हैं। प्यार होता है। वेदिका कहती हैं, 'तुम जैसे लोग थोड़ी देर से मिलते हैं'।

टीवी मसाला

# मम्मी आ रही हैं! टप्पू की बात सुन झूमे जेठालाल...



**नई दिल्ली।** टेलीविजन इतिहास के सबसे लोकप्रिय कॉमेडी शोज में से एक 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में दयाबेन का कैरेक्टर बहुत पॉपुलर था। इस कैरेक्टर को दिशा वकानी निभा रही थीं। वो 2017 में मैटरनिटी लीव पर गई थीं और इसके बाद उन्होंने शो में वापसी ही नहीं की। पिछले करीब 9 सालों से शो से गायब चल रहीं दर्शकों की सबसे चहेती 'दया भाभी' यानी दयाबेन आखिरकार गोकुलधाम सोसाइटी में वापसी करने जा रही हैं। 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' का नया प्रोमो रिलीज हो गया है, जिसने फैंस की एक्साइटमेंट बढ़ा दी है। करीब 9 साल बाद शो में दयाबेन की वापसी होने जा रही है। सामने आए लेटेस्ट प्रोमो वीडियो की शुरुआत बेहद इमोशनल और धमाकेदार अंदाज में होती है।

# 10000 गाने बनाने वाले संगीत के जादूगर, जिनकी धुनों पर सजती थी रफी और लता की आवाज...

*नई दिल्ली। भारतीय सिनेमा में कई दिग्गज संगीतकार हुए हैं, जिन्होंने एक से बढ़कर एक गीत और कंपोजिशन दिए हैं। आनंद बख्शी से लेकर- आर बर्मन और लक्ष्मीकांत प्यारेलाल की जोड़ी से लेकर खय्यम तक जैसे लीजेंडरी म्यूजिशियंस ऐसे थे जिन्होंने कई गानों की बेहदरीन कंपोजिशन दी और कई बेहतरीन गाने लिखे भी। इनके लिखे गीत सालों बाद भी सदाबहार हैं और कई तो कल्ट क्लासिक बनकर उभरे हैं। इन्हीं में से एक संगीतकार ऐसे थे जिन्होंने अपने पूरे करियर में 10 हजार से ज्यादा गीत लिखे और कंपोज किए। उन्होंने ना सिर्फ हिंदी बल्कि गुजराती सिनेमा में भी कई शानदार गीत दिए और उनके गाये गीतों को लीजेंडरी गायक मोहम्मद रफी और लता मंगेशकर ने अपने आवाज में पिरोया है।*



***40 के दशक में मिली सफलता :*** अविनाश व्यास 1912 में गुजरात में जन्मे थे और उन्होंने उस्ताद अलाउद्दीन खान से ट्रेनिंग ली थी। उन्होंने अपने करियर की पहली सफलता 1948 में रिलीज हुई फिल्म गुणसुंदरी से मिली थी जो गुजराती और हिंदी दोनों भाषाओं में बनी थी। उन्होंने फिल्मों के अलावा लोकगीत, भजन और गैर फिल्मी गीत भी लिखे। भारतीय कला और संगीत में उनके योगदान के लिए उन्हें 1070 में पद्म श्री से सम्मानित किया था। मोहम्मद रफी ने फिल्म लक्ष्मी के लिए पोलम पोल गीत गाया था इसके अलावा लता मंगेशकर ने फिल्म मेहंदी रंग लग्यो के लिए मेहंदी ते ववी मालवे, फिल्म कैलाशपति के लिए जा रे बादल जा जैसे गीत गाए थे। इतना ही नहीं उस दौर के बेहतरीन सिंगर्स जैसे मुकेश, मन्ना डे, तलत महमूद, आशा भोंसले, गीता दत्त, किशोर कुमार ने भी उनके गीतों को अपनी आवाज दी थी।

### 190 गुजराती फिल्मों में भी दिया संगीत

भारतीय संगीत के वो महान जादूगर थे जिन्होंने अपने कॅरियर में 10 हजार गीत लिखे और उन्हें कंपोज किया, वे थे अविनाश व्यास, जिन्होंने गुजराती सिनेमा में लगभग 190 फिल्मों के लिए संगीत दिया और रफी साहब और लता दीदी से अपने सदाबहार गीतों को आवाज दिलवाई।

# नास्तिक हूं, मगर किसी धर्म का अनादर नहीं करता : अन्नू कपूर

**नई दिल्ली।** अन्नू कपूर अपकमिंग कॉमेडी फिल्म 'उत्तर दा पुत्तर' को लेकर चर्चा में हैं। इसमें वह फिजिक्स प्रोफेसर का रोल निभा रहे हैं। फिल्म में वह वास्तु में अटूट आस्था की कहानी को आगे बढ़ाते हैं। उनके मुताबिक यह उनकी अपनी सोच से बिल्कुल अलग है। उनका मानना है कि एक एक्टर की निजी सोच और उनके निभाए गए किरदारों के बीच फर्क होना चाहिए। अन्नू कपूर कहा कि 'मैं नास्तिक हूं लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि मैं किसी धर्म या किसी की आस्था का अनादर करता हूं। जब प्रोड्यूसर संदीप कपूर मेरे पास एक ऐसे फिजिक्स प्रोफेसर का रोल लेकर आए जो वास्तु में विश्वास करता है, तो मैंने उसे स्वीकार कर लिया। एक एक्टर के तौर पर, मुझे ऐसे किरदार निभाने का मौका उत्साहित करता है जो असल जिंदगी में मेरी अपनी पर्सनैलिटी से बिल्कुल अलग हों।' उन्होंने आगे कहा 'मैंने उत्सुकता और जानकारी के लिए हस्तरेखा शास्त्र और ज्योतिष पर कई किताबें पढ़ी हैं। मगर ये मेरे निजी अनुभव और शौक हैं। इन्हें एक एक्टर के तौर पर मेरे प्रोफेशनल काम से नहीं जोड़ा जाना चाहिए।'



उन्होंने कहा 'कई बार मेरे बयानों को संदर्भ से हटकर पेश किया जाता है। मैंने कभी किसी की आस्था का मजाक नहीं उड़ाया और न ही कभी अपनी बातों से किसी को दुख पहुंचाने की कोशिश की है। मैं हर व्यक्ति की अपनी पसंद की चीजों में विश्वास रखने की आजादी का सम्मान करता हूं।' फिल्म से दर्शकों को क्या उम्मीद करनी चाहिए, इस पर कपूर का मानना है कि 'उत्तर दा पुत्तर' में मजाक-मस्ती के साथ-साथ एक अहम संदेश भी है। 'यह फिल्म मनोरंजन तो करती ही है, साथ ही दर्शकों को एक जरूरी संदेश भी देती है। मैं बस सबसे यही कहूंगा कि ट्रेलर को आखिर तक देखें। जब मेरे किरदार की पत्नी उससे कहती है 'इस वास्तु के चक्कर में तुम डरपोक हो गए हो,' तो यह एक डायलॉग ही फिल्म की असल बात को बयां कर देता है।'

**न्यायालय तहसीलदार पथरिया, जिला-मुंगेली (छ.ग.)**

Email :- tahsilpatharia@gmail.com

रा.प्र.क्र./ /3-6/2025-26

ग्राम-पथरिया, प.ह.नं. 18

प्रति,

**//नोटिस //**

1. रविन्द्र सिंह पिता स्व. गुरूबचन सिंह 2. सुरजीत कौर पुत्री स्व.गुरूबचन सिंह 3. जसवंत कौर पुत्री स्व.गुरूबचन सिंह 4. अमरजीत कौर पुत्री स्व.गुरूबचन सिंह 5. प्रीति गंभीर पुत्री स्व.गुरूबचन सिंह 6. गुरूदीप कौर पुत्री स्व.गुरूबचन सिंह 7. बिन्नी गंभीर पुत्री स्व. गुरुबचन सिंह सभी जाति सिक्ख, निवासी नगर पंचायत पथरिया, तहसील-पथरिया, जिला-मुंगेली (छ.ग.) अनावेदकगण / अनावेदिकागण।

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आवेदक तरनपाल सिंह पिता रविपाल सिंह एवं अन्य 1, जाति सिक्ख, निवासी नगर पंचायत पथरिया, तहसील-पथरिया, जिला-मुंगेली (छ0ग0) के द्वारा ग्राम पथरिया, प.ह.नं. 18, तहसील-पथरिया, जिला-मुंगेली (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा नम्बर 625/6, 626/2 रकबा क्रमशः 0.012, 0.008 हेक्टेयर भूमि राजस्व अभिलेख में आवेदकगण क्रमांक 1 के पिता व 2 के पति एवं अनावेदकगण क्रमांक 1 से 7 तक के पिता के नाम पर दर्ज चला आ रहा है। उक्त भूमि के खातेदार गुरूबचन सिंह पिता अमरसिंह की दिनांक 06/03/2020 को मृत्यु हो चुकी है एवं उनके वारिसों में उनके पुत्र रविपाल सिंह की दिनांक 27/09/1999 को मृत्यु हो चुकी है। उक्त भूमि के खातेदार के फौत होने पर आवेदकगण एवं अनावेदकगण के नाम पर फौती नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है, जिसमें आगामी सुनवाई दिनांक 20/07/2026 को नियत है। अतः इस न्यायालय में उक्त तिथि को प्रातः 11 बजे उपस्थित होवें। अनुपस्थिति की दशा में एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 13/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

**तहसीलदार पथरिया, जिला-मुंगेली (छ.ग.)**

**न्यायालय श्रीमान प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, बिलासपुर (छ.ग.)**
**(पीठासीन अधिकारी श्री असलम खान)**

श्रीमती रंजना बारा + 1 अन्य
......आवेदिकागण

**विरूद्ध**

भारतीय स्टेट बैंक द्वारा शाखा प्रबंधक शाखा मंगला, बिलासपुर छ.ग.+1
.....अनावेदकगण

प्रो. क्रमांक 91/2026
उ.प्र.क्र. 37/2026
पेशी दिनांक 10.08.2026

**समंस**

प्रति,
आम जनता, जिनका संबंध हों।

आवेदिकागण की ओर से इस न्यायालय में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु प्रकरण प्रस्तुत किया गया है। आवेदिका क्र. 01 के पति एवं आवेदिका क्र.02 के पिता स्व. तेज कुमार बारा का खाता भारतीय स्टेट बैंक शाखा मंगला ने खाता संख्या 108374 60939 में जमा राशि 6,62,671/-रू. (छः लाख बैसठ हजार छः सौ इकत्तर रूपये) के संबंध में दावा किया गया है जिनका भी उक्त खाता संख्या व राशि से संबंध हो तो इस न्यायालय में दिनांक 10.08. 2026 को दिन को 11:00 बजे वाद का उत्तर देने के लिए हाजिर होने के लिए समंस किया जा रहा है। आप स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर वाद से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दें एवं साक्षियों एवं दस्तावेजों को पेश कर अपनी प्रतिरक्षा करना चाहते है। आपको सूचित किया जाता है कि दिनांक 10.08.2026 को हाजिर नही होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा। यदि दिनांक 10.08.2026 को अवकाश घोषित होता है तो वाद की सुनवाई अगले कार्यदिवस मे किया जावेगा।

अतः आज दिनांक 10/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

दिनांक - 10/07/2026
स्थान - बिलासपुर (छ.ग.)

**(असलम खान)**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी बिल्हा जिला बिलासपुर छ.ग.**

**ईश्तहार**

क्रमांक /क/वा./तह./20
बिल्हा, दिनांक 09/07/2026

एतद् द्वारा ग्राम मोहतरा तहसील बिल्हा के सर्व साधारण आम जनता सूचित किया जाता है कि आवेदक संतोष कुमार पिता/पति फिरतु राम जाति गोंड़ निवासी ग्राम मोहतरा तहसील बिल्हा जिला बिलासपुर छ.ग. द्वारा अपने पिता श्री / श्रीमति फिरतु राम पिता/पति भकलू जाति गोड निवासी ग्राम मोहतरा थाना बिल्हा तहसील बिल्हा जिला बिलासपुर की मृत्यु दिनांक 15/5/2006 को ग्राम मोहतरा को हुआ/हुई हैं का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति अथवा जनता को दावा / आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 27/7/26 को दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा

आज दिनांक 29/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा सहित ईश्तहार जारी किया गया है।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी बिल्हा, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)**
**-: ईश्तहार :-**

राजस्व प्रकरण क्रमांक 213 / अ-20(1)/2025-26

**पक्षकार:** शरद कुमार वर्मा, प्रभात कुमार वर्मा S/O स्व. मंगल प्रसाद वर्मा..**आवेदक**

**विरुद्ध**

**छत्तीसगढ़ शासन............ अनावेदक**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता कि आवेदक/आवेदिका शरद कुमार वर्मा पिता स्व. मंगल प्रसाद वर्मा निवासी गोंड़पारा बिलासपुर (छ.ग.) ने स्वतः अधिवक्ता के माध्यम से नगर पालिक निगम बिलासपुर के मोहल्ला गोड़पारा शीट नंबर 31 प्लाट नं. 18 रकबा 560 वर्गफुट -नाम से भूमि को स्थायी पट्टे पर आवासीय / व्यवसायिक उपयोग हेतु उसके ......नाम से स्वीकृत है। जिसका पट्टा समाप्ति की तिथि 01/04/2027 के लिये आवेदक/आवेदिका अगले 30 वर्षो के लिये उपरोक्त भूमि का नवीनीकरण के लिये आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। आवेदक/आवेदिका की स्थायी पट्टे की लीज नवीनीकरण हेतु प्रस्तावित है। पट्टे समाप्ति की अवधि 01/04/2007 तक है।

अतः इस संबंध में किसी भी व्यक्ति / संस्था को उक्त भूमि के नवीनीकरण किये जाने में कोई आपत्ति हो तो वे अपना आपत्ति दिनांक 05/08/2026 को स्वतः / अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में शाम 5.30 बजे तक उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। इसके पश्चात तिथि / समय में आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा एवं आवेदक/आवेदिका की स्थायी पट्टे पर विचाराधीन भूमि के नवीनीकरण की कार्यवाही कर ली जायेगी। उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति विचारणीय नहीं होगा।

आज दिनांक 15/7/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया ।

**नजूल अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**









## खबर संक्षेप

### आज निकलेगी रथयात्रा

**लोरमी।** शिवघाट मंदिर समिति के तत्वाधान एवँ विवेक गिरी महाराज के सानिध्य में भगवान जगन्नाथ, भैया बलदाऊ एवं बहन शुभद्रा की भव्य रथ यात्रा निकाली जाएगी। रथयात्रा ग्राम गौरकापा से शुरू होकर आज सुबह 11 बजे शनिधाम मंदिर से लोरमी शिवघाट मंदिर के लिए निकलेगी। दोपहर 03 बजे शिवघाट मंदिर लोरमी से नगर भ्रमण करेगी। उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने भक्त लगे है।

### मुंगेली जिला पंचायत के नए सीईओ बने रावटे, संभाला पदभार

**मुंगेली।** प्रशासनिक अधिकारी गोकुल राम रावटे ने मंगलवार को जिला पंचायत मुंगेली के मुख्य



कार्यपालन अधिकारी के रूप में विधिवत पदभार ग्रहण किया। राज्य शासन द्वारा जारी स्थानांतरण आदेश के तहत उन्हें जिला पंचायत का नया मुख्य कार्यपालन अधिकारी नियुक्त किया गया है। इससे पूर्व वे जिला पंचायत जांजगीर चाम्पा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे थे। जिला पंचायत कार्यालय पहुंचने पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने श्री रावटे का आत्मीय स्वागत किया। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल राम रावटे को जिला पंचायत मुंगेली का मुख्य कार्यपालन अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### प्रज्वलित हुए ज्योतिकलश गूंजे वैदिक मंत्रोच्चार

**तखतपुर।** गुप्त नवरात्रि के पावन अवसर पर माँ महामाया देवी मंदिर तखतपुर में ज्योतिकलश प्रज्वलित हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार एवं धार्मिक अनुष्ठानों के बीच माँ महामाया से नगर एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति, स्वास्थ्य और उन्नति की कामना की गई। ज्योतिकलश प्रज्वलन के पश्चात विशेष



पूजा-अर्चना एवं महाआरती की गई। रात्रि में माता का विशेष श्रृंगार किया गया और पूरे नौ दिनों तक प्रतिदिन माता का विशेष श्रृंगार होगा। अष्टमी को हवन पूजन के साथ कन्या पूजन किया जाएगा। इस अवसर पर अध्यक्ष जितेंद्र पांडेय,उपाध्यक्ष जितेंद्र शुक्ला, कोषाध्यक्ष दिलीप तोलानी, आचार्य बलभद्र प्रसाद दुबे, पुजारी मुन्ना गोस्वामी, राजेन्द्र गोस्वामी, आयुष कारड़ा, तिलक ताम्रकार, सूरज ठाकुर,विनोद ठाकुर, जोगु कारड़ा,रवि मानिकपुरी सहित अन्य उपस्थित रहे।

### डॉ विपिन की डिजिटल मार्केटिंग पर लिखी पुस्तक का लोकार्पण

**तखतपुर।** शासकीय जे.एम.पी. महाविद्यालय में सहायक प्राध्यापक वाणिज्य के पद पर कार्यरत डॉ. विपिन अग्रहरि की प्रथम पुस्तक डिजिटल मार्केटिंग एण्ड सोशल मीडिया स्ट्रेटजी का लोकार्पण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार दुबे के हाथों संपन्न हुआ। इस अवसर में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. राजीव शर्मा, डॉ. मीना शर्मा, डॉ. डी.पी. चंद्रवंशी, डॉ



राकेश कुर्रे, डॉ. मीरा गुप्ता, डॉ. सस्मिता बर्गाह, डॉ. इंदु कौशल, डॉ. पार्वती पटेल, सिमरन टेकचंदानी एवं प्रिया शंकर जायसवाल भी उपस्थित रहीं। यह पुस्तक डिजिटल युग में मार्केटिंग एवं सोशल मीडिया की बदलती रणनीतियों, व्यावसायिक अवसरों तथा आधुनिक तकनीकों पर आधारित है। पुस्तक कॉमर्स, अर्थशास्त्र एवं मैनेजमेंट विद्यार्थियों, शोधार्थियों, शिक्षकों, उद्यमियों एवं डिजिटल मार्केटिंग के क्षेत्र में रुचि रखने वाले पाठकों के लिए उपयोगी मार्गदर्शिका सिद्ध होगी।

### सीएमएचओ बीएमओ व संबंधित चिकित्सक को नोटिस

**जरहागांव।** करंट की चपेट में आने से घायल युवक गोविंद साहू की इलाज के अभाव में मौत का मामला गर्मा गया है। हादसे के बाद जब परिजन युवक को लेकर जरहगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, तो वहां कोई डॉक्टर मौजूद नहीं था। समय पर इलाज न मिलने के कारण जिला अस्पताल ले जाते वक्त उनकी मौत हो गई। इस लापरवाही से नाराज ग्रामीणों ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर चक्काजाम कर स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर कुन्दन कुमार ने तत्काल आपात बैठक बुलाई। उन्होंने इस घटना को प्रशासनिक विफलता मानते हुए गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने सीएमएचओ, बीएमओ और संबंधित चिकित्सक को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने जरहागांव अस्पताल में तत्काल डॉक्टर की पदस्थापना के निर्देश जारी करते हुए जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मचारियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के आदेश दिए हैं।

## निधन

### अंबालिका पाण्डेय



**बिलासपुर।** यदुनंदन नगर निवासी अंबालिका पाण्डेय का 15 जुलाई को निधन हो गया। वे 73 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार यदुनंदन नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे एसपी पाण्डेय की धर्मपत्नी, संजीव पाण्डेय, सविता तिवारी, सीमा पाण्डेय की माता थीं।

### सीताराम गुप्ता



**बिलासपुर।** नया सरकंडा चटर्जी गली निवासी पूर्व थानेदार सीताराम गुप्ता पिता स्व. केदार प्रसाद गुप्ता का 15 जुलाई को निधन हो गया। वे 70 वर्ष के थे। उनकी अंतिम यात्रा 16 जुलाई को उनके निवास से दोपहर 2 बजे सरकंडा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे संतोष गुप्ता, मनोज, अशोक गुप्ता, मनीष गुप्ता, मंजू गुप्ता के पिता थे।

---

### बदमाशों से दो बाइक, 63 सौ रूपए बरामद

# रतनपुर-कोटा मार्ग पर लूट के 4 आरोपी चंद घंटों में गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रतनपुर

रतनपुर-कोटा मार्ग पर राहगीरों से लूटपाट की वारदात को अंजाम देने वाले चार आरोपियों को रतनपुर पुलिस ने घटना के चंद घंटों के भीतर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूट में प्रयुक्त दो मोटर सायकल और 6,300 रुपए नगद जब्त किए हैं। गिरफ्तार आरोपी आदतन बदमाश बताए जा रहे हैं और पूर्व में भी लूट की घटनाओं में शामिल रहे हैं।

पुलिस के अनुसार भेड़ीमुड़ा निवासी भारत कुमार सूर्यवंशी ने थाना रतनपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह अपने मामा के गांव नेवरा (कोटा) से 15 जुलाई की रात करीब 1:30 बजे घर लौट रहा था। इसी दौरान रतनपुर-कोटा मार्ग स्थित भैंसाझार मोड़ के पास दो मोटर सायकलों पर सवार चार युवकों ने उसकी बाइक को लात मारकर गिरा दिया और जेब में रखे 5 हजार रुपए लूटकर फरार हो गए। इसी दौरान ग्राम खैरा निवासी अरुण कुमार राज, जो कोटा से रतनपुर आ रहे थे, उन्हें भी आरोपियों ने रोक लिया। गाली-गलौज करते हुए उनसे 15 हजार रुपए नकद और मोबाइल फोन लूट लिया। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक निलेश पाण्डेय ने वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया और उनके निर्देश पर तत्काल पुलिस टीम गठित कर आरोपियों की तलाश शुरू की। पीड़ितों द्वारा बताए गए हुलिए के आधार पर पुलिस ने पूर्व में लूट के मामले में गिरफ्तार हो चुके गुलाब नरेश उर्फ राजा सारथी को घेराबंदी कर पकड़ा। पूछताछ में उसने अपने साथी शिवप्रसाद यादव, अनवर खान और ओमप्रकाश पोर्ते के साथ मिलकर वारदात को अंजाम देना स्वीकार कर लिया। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने यामाहा आर-15 और बजाज पल्सर एनएस मोटर सायकल, लूट की राशि में से 6,300 रुपये नगद बरामद किए। शेष राशि आरोपियों द्वारा आपस में बांटकर खर्च कर देने की बात सामने आई है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक निलेश पाण्डेय, उपनिरीक्षक विष्णु यादव, सहायक उपनिरीक्षक पवन सिंह, प्रशिक्षु उपनिरीक्षक अनिल सिंह, आरक्षक आकाश डोंगरे, धीरज कश्यप एवं कीर्ति पैकरा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।




**सभी आरोपी भेजे गए जेल:** गिरफ्तार आरोपियों में गुलाब नरेश उर्फ राजा सारथी 21 वर्ष, शिवप्रसाद यादव 27 वर्ष, अनवर खान 18 वर्ष और ओमप्रकाश पोर्ते 20 वर्ष शामिल हैं। सभी रतनपुर थाना क्षेत्र के निवासी हैं। पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

---

## स्वास्थ्य विभाग की भर्ती में गड़बड़ी 98 आवेदन निरस्त क्यों: अटल

**कोटा।** क्षेत्रीय विधायक अटल श्रीवास्तव ने विधानसभा में बिलासपुर के स्वास्थ्य विभाग में हुई संविदा भर्ती को लेकर प्रश्न उठाया एवं इस भर्ती में हुई गड़बड़ी की आशंका व्यक्त करते हुए कहा कि स्वास्थ्य विभाग में अनियमितता कर चहेतों को फायदा दिलाने हेतु आवेदनों को निरस्त किया गया है।



- तीन पद हेतु 103 आवेदन प्राप्त हुए

विधायक ने प्रश्न के माध्यम से स्वास्थ्य मंत्री से सवाल किया कि बिलासपुर में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत फीडिंग डिमांसट्रेटर के कुल कितने पद स्वीकृत थे और उन पदों के भर्ती हेतु कुल कितने आवेदन प्राप्त हुए। उन आवेदनों में कुल कितने आवेदन निरस्त किए गए और किन कारणों से निरस्त किए गए। इस पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने लिखित में जवाब दिया कि एनआरसी के तहत फीडिंग डेमोंस्ट्रेटर के तीन पद हेतु 103 आवेदन प्राप्त हुए थे। जिसमें 98 आवेदन में आवेदको द्वारा शैक्षणिक योग्यता के प्राप्त अंक ऑनलाइन फार्म में नहीं भरने के कारण निरस्त किया गया है। विधायक श्री श्रीवास्तव ने कहा कि यह फॉर्म ऑनलाइन भरा गया था और ऑनलाइन आवेदन में जब तक समस्त आवश्यक कालम को पूर्ण रूप से भरा नहीं जाता है तब तक आवेदन पूर्ण नहीं होता है और ये संभव नहीं है कि 98 आवेदकों द्वारा शैक्षणिक योग्यता का अंक ऑनलाइन आवेदन में नहीं भरा गया हो।

### बच्चों को दी गई मौसमी बीमीरियों से बचाव की जानकारी

**बिल्हा।** शासकीय स्पेशलिटी क्लिनिक के चिकित्सक डॉक्टर दीपक अग्रवाल ने शासकीय सूरजमल हायर सेकेंडरी स्कूल बिल्हा में छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण के पूर्व चिकित्सक द्वारा सभी छात्र-छात्राओं को वर्षा ऋतु जन्य मौसमी बीमारियों से बचाव हेतु आवश्यक उपायों की जानकारी दी गई। परीक्षण में ज्वर काष, चर्म रोग, मासिक धर्म से संबंधित रोगों का उपचार किया गया।

---

## शासकीय स्कूल की खिड़की तोड़कर 8 सीलिंग पंखें पार, अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज



**पथरिया।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गंगद्वारी में अज्ञात चोरों ने विद्यालय के नवीन भवन की खिड़की के रास्ते अंदर प्रवेश कर कक्षा 11वीं एवं 12वीं विज्ञान की कक्षाओं में लगे आठ सीलिंग पंखे खोल ले गए। घटना की जानकारी सोमवार को विद्यालय खुलने पर हुई, प्राचार्य की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार, शनिवार को विद्यालय में नियमित कार्य समाप्त होने के बाद सभी शिक्षक एवं कर्मचारी अपने-अपने घर चले गए थे। सोमवार सुबह जब छात्र-छात्राएं और शिक्षक विद्यालय पहुंचे तथा नवीन भवन की कक्षाओं का ताला खोला गया, तब कक्षाओं में लगे आठ सीलिंग पंखे गायब मिले।

### पुलिस की सक्रियता से चोरों की योजना हुई नाकाम

पुलिस की लगातार कार्रवाई और गांव में बढ़ती आवाजाही के चलते चोर चोरी किए गए पंखों को न तो कहीं ले जा सके और न ही बेच पाए।आरोपियों ने सभी पंखों को गांव में एक पैरा भूसे के ढेर में छिपा दिया था। पुलिस ने तलाशी के दौरान सभी आठ सीलिंग पंखे बरामद कर लिए हैं।

### जल्द होगी गिरफ्तारी

थाना प्रभारी गिरजाशंकर यादव ने बताया कि चोरी हुए सभी आठ सीलिंग पंखे बरामद कर कर लिए गए हैं। मामले की जांच जारी है और जल्द ही चोरी की वारदात में शामिल आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## तेज रफ्तार ट्रेलर ने स्कूटी को मारी टक्कर, पिता पुत्र की मौत, मां गंभीर



**पेंड्रा।** पेंड्रा नगर में राय पेट्रोल पंप के पास मुख्य मार्ग पर एक भीषण सड़क हादसा सामने आया है। यहां कोयले से भरे एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने स्कूटी सवार परिवार को जोरदार टक्कर मार दी। इस दर्दनाक हादसे में स्कूटी सवार पिता पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जोरदार थी कि स्कूटी के परखच्चे उड़ गए और उस पर सवार तीनों लोग सड़क पर दूर जा गिरे। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और तीनों घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। उपचार के दौरान चिकित्सकों ने स्कूटी चला रहे व्यक्ति और उसके पुत्र को मृत घोषित कर दिया, जबकि पत्नी की हालत गंभीर बताई जा रही है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार मृतक और घायल पेंड्रा विकासखंड के कुडकई गांव के निवासी हैं। जो कि पेंड्रा की ओर से आ रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रहे एक अन्य भारी वाहन को ओवरटेक करने के प्रयास में ट्रेलर ने स्कूटी को अपने चपेट में ले लिया। हादसे के बाद भाग रहे ट्रेलर चालक को स्थानीय लोगों ने पीछा कर शिशु मंदिर के पास रोक लिया और पुलिस के हवाले कर दिया।

## मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की शिकायत पर बड़ी कार्रवाई,पंचायत सचिव निलंबित

**पथरिया।** मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में दर्ज शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए मुंगेली जिला प्रशासन ने पथरिया विकासखंड की ग्राम पंचायत सिलदहा के पंचायत सचिव भूपत राजपूत को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई गांव में स्वीकृत सीसी रोड का निर्माण नहीं कराने तथा जल निकासी व्यवस्था की अनदेखी किए जाने की शिकायत को सही पाए जाने के बाद की गई।

जानकारी के अनुसार ग्राम सिलदहा निवासी मनोज वर्मा एवं अजय राजपूत ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई थी कि गांव में स्वीकृत सीसी रोड का निर्माण अब तक नहीं कराया गया है। साथ ही जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण बारिश के दौरान सड़क पर पानी भर जाता है, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।शिकायत प्राप्त होने पर मुंगेली कलेक्टर कुन्दन कुमार ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत को जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। जांच के दौरान पंचायत सचिव भूपत राजपूत को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया। जांच प्रतिवेदन में यह स्पष्ट



हुआ कि स्वीकृति मिलने के बावजूद सीसी रोड का निर्माण नहीं कराया गया तथा उच्च अधिकारियों के निर्देशों की लगातार अवहेलना की गई। जांच रिपोर्ट के आधार पर नवपदस्थ जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे ने पंचायत सचिव भूपत राजपूत का कृत्य गंभीर लापरवाही एवं छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा अनुशासन एवं अपील नियम, 1999 के प्रावधानों के विपरीत पाए जाने पर उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के आदेश जारी किए। निलंबन अवधि के दौरान उनका मुख्यालय जनपद पंचायत पथरिया निर्धारित किया गया है तथा उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्रदान किया जाएगा।प्रशासनिक व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत बेलखुरी के पंचायत सचिव खांडेराम जांगड़े को ग्राम पंचायत सिलदहा का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

## कलेक्टर से मिले जिला प्रेस क्लब पदाधिकारी विभिन्न समस्याओं से कराया अवगत

**गौरेला।** जिला प्रेस क्लब गौरेला पेंड्रा मरवाही के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने बुधवार को कलेक्टर कार्यालय में नव पदस्थ कलेक्टर विजय दयाराम के. का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया और उन्हें जिले की वस्तु स्थिति से अवगत कराया।



कलेक्टर विजय दयाराम के. ने कहा कि वे इस नवगठित जिले की जन समस्याओं के निराकरण हेतु सदैव तत्पर रहेंगे। इस जिले में पूर्व में भी वे कार्य कर चुके हैं। इसका अनुभव एवं मीडिया के सहयोग, सुझाव से जिले के समुचित विकास के लिए मिलकर कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि मीडिया की भूमिका शासन-प्रशासन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। जिला प्रेस क्लब अध्यक्ष श्री सिद्दीकी ने क्षेत्र में सक्रिय भू माफियाओं द्वारा फर्जी नक्शा बटांकन कराकर सरकारी जमीनों की खरीदी-बिक्री किए जाने एवं जिले की शिक्षा, स्वास्थ्य, यातायात संबंधी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। जिला प्रेस क्लब उपाध्यक्ष सत्यनारायण पांडेय ने क्षेत्र में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु बाईपास निर्माण हेतु उच्च स्तरीय प्रशासनिक पहल करने का मांग की। प्रेस क्लब सचिव योगेंद्र सिंह नहरेल ने बताया कि आदिवासी बाहुल्य मरवाही विकासखंड शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में अभी भी काफी पिछड़ा हुआ है। प्रशासनिक उपेक्षा से मरवाही का समग्र विकास बाधित है। जिला प्रेस क्लब सदस्य अमित तिवारी ने साप्ताहिक टीएल बैठक को मरवाही में भी आयोजित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। संयुक्त सचिव अजीत गहलोत व पत्रकार राजेंद्र सोनी ने विभिन्न समस्याओं पर उनका ध्यान आकर्षित कराया। इस पर कलेक्टर .ने उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर प्रेस क्लब के कोषाध्यक्ष ज्ञानचंद शर्मा, उमेश अग्रवाल, संतोष नामदेव, संजय अग्रवाल, राकेश राजपूत, सुहैल आलम, सूरज यादव, प्रयास कैवर्त, वीरेंद्र पांडेय, चंद्रसेन पातस्कर, राजेंद्र सोनी आदि पत्रकार उपस्थित थे।

## पेंशन के लिए दफ्तरों के चक्कर काटने को मजबूर पूर्व बीईओ

**तखतपुर।** विकास खण्ड तखतपुर के पूर्व शिक्षा अधिकारी राजेंद्र कुमार अंचल आज अपने ही पेंशन के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर काट कर परेशान हो गए हैं। अब उन्होंने ने आत्महत्या की चेतावनी दी है। सेवानिवृत्ति के दो साल से अधिक समय बीत जाने के बावजूद उन्हें अब तक न तो उन्हें पेंशन मिली है और न ही ग्रेच्युटी। विभागीय उदासीनता से परेशान सेवानिवृत्त प्राचार्य ने अब आत्महत्या जैसा कठोर कदम उठाने की चेतावनी दी है। पिछले दो साल से पेंशन के लिए भटक रहे राजेंद्र कुमार अंचल ने बताया कि वे 30 अप्रैल 2024 को बिलासपुर जिले के बिल्हा विकासखंड स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला, करमा से प्राचार्य पद से सेवानिवृत्त हुए थे। इसके बाद से वे पेंशन और ग्रेच्युटी के लिए लगातार सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगा रहे हैं। अपनी समस्या को लेकर सचिव से भी गुहार लगा चुके हैं। जिला शिक्षा अधिकारी बिलासपुर, लोक शिक्षण संचालनालय के वरिष्ठ अधिकारियों, शिक्षा सचिव कमलप्रीत सिंह और शिक्षा मंत्री के ओएसडी राहुल सिंह तक अपनी शिकायत पहुंचाई, लेकिन कहीं से भी समाधान नहीं मिला। सीएम हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज होने के बाद 18 जून 2026 को विकासखंड शिक्षा अधिकारी, मुंगेली ने लिखित रूप से स्वीकार किया कि यह मामला उनके अधिकार क्षेत्र का नहीं है। इसे आवश्यक कार्रवाई के लिए जिला शिक्षा अधिकारी को भेज दिया गया है। इसके बावजूद पेंशन प्रकरण आज भी लंबित है।

## स्वास्थ्य केंद्रों पर परिवार नियोजन साधन मुफ्त,पुरूष नसबंदी पर मिलेंगे 3 हजार

**मुंगेली।** जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा के अंतर्गत जिला चिकित्सालय स्थित मातृ एवं शिशु चिकित्सालय में परिवार नियोजन एवं मातृ–शिशु स्वास्थ्य पर केंद्रित विशेष जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित दंपतियों एवं हितग्राहियों को परिवार नियोजन के महत्व, सुरक्षित मातृत्व, जनसंख्या स्थिरीकरण तथा शासन द्वारा उपलब्ध निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शीला साहा ने बताया कि गर्भधारण के बीच कम से कम तीन वर्ष का सुरक्षित अंतराल मां एवं शिशु दोनों के स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होता है। इससे मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी आने के साथ परिवार की आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति भी मजबूत होती है। डीपीएम गिरीश कुर्रे ने बताया कि जिले के सभी शासकीय स्वास्थ्य संस्थानों में परिवार नियोजन के स्थायी एवं अस्थायी सभी साधन पूर्णतः निःशुल्क उपलब्ध हैं। इनमें कापर-टी, अंतरा इंजेक्शन, छाया एवं माला–एन गोलियां तथा निरोध शामिल हैं। इच्छुक दंपतियों को प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा परामर्श एवं आवश्यक सेवाएं भी प्रदान की जा रही हैं। परिवार नियोजन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शासन द्वारा पुरुष नसबंदी कराने वाले हितग्राहियों को 03 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। 18 जुलाई तक चलने वाले जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़े के दौरान जिला चिकित्सालय, स्वास्थ्य केंद्रों पर इसका लाभ उठाया जा सकता है।

---

### जिला न्यायालय में तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित

# चेक बाउंस के निपटारे के लिए 18 को विशेष लोक अदालत

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के मार्गदर्शन में 18 जुलाई को आयोजित होने वाली विशेष लोक अदालत की तैयारियों को लेकर जिला न्यायालय परिसर, मुंगेली में आवश्यक बैठक आयोजित की गई।




बैठक का उद्देश्य परक्राम्य लिखित अधिनियम चेक बाउंस से संबंधित प्रकरणों के त्वरित, सरल एवं सौहार्दपूर्ण निराकरण के लिए प्रभावी रणनीति तैयार करना था। बैठक में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष गिरिजा देवी मेरावी ने न्यायाधीशों एवं अधिवक्ताओं को विशेष लोक अदालत के उद्देश्यों से अवगत कराते हुए इसके सफल आयोजन में सक्रिय सहयोग देने का आग्रह किया। उन्होंने चेक बाउंस से संबंधित प्रकरणों के पक्षकारों से लोक अदालत में भाग लेकर आपसी सहमति के आधार पर अपने मामलों का त्वरित एवं सौहार्दपूर्ण निराकरण कराने तथा न्यायिक प्रक्रिया का अधिकतम लाभ उठाएं। जिला एवं सत्र न्यायाधीश मेरावी ने कहा कि चेक बाउंस से जुड़े प्रकरण राजीनामा योग्य होते हैं और विशेष लोक अदालत के माध्यम से पक्षकार आपसी सहमति से अपने विवादों का शीघ्र एवं सरल समाधान प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि लोक अदालत न्यायिक प्रक्रिया को अधिक सुलभ, किफायती और समयबद्ध बनाते हुए पक्षकारों को आपसी सहमति से विवादों के स्थायी समाधान का अवसर प्रदान करती है। इससे न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के साथ समय और संसाधनों की भी बचत होती है। बैठक में प्रथम अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार सोम, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जसविंदर कौर अजमानी मलिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव कंचन लता आचला, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश दीपक कुमार शर्मा सहित न्यायाधीशगण एवं अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

## 31 जुलाई तक टमाटर,केला,पपीता मिर्च जैसी फसलों का कराएं बीमा

**मुंगेली।** किसान खरीफ सीजन में अपनी उद्यानिकी फसलों जैसे टमाटर, बैगन, अमरूद, केला, पपीता, मिर्च एवं अदरक आदि के बीमा के लिए 31 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए किसान अपने नजदीकी लोक सेवा केन्द्र, बैंक शाखा, सहकारी समिति या बीमा कम्पनी, भारतीय कृषि बीमा कम्पनी के प्रतिनिधि से सम्पर्क कर अपने उद्यानिकी फसलों का बीमा करा सकते हैं।

इच्छुक कृषकों को अधिसूचित फसलों की बीमित राशि का 05 प्रतिशत प्रति हेक्टेयर देना होगा। अधिसूचित फसलों में टमाटर के लिए देय प्रीमियम 06 हजार रूपए, बैगन के लिए बीमित राशि प्रति हेक्टेयर देय प्रीमियम 03 हजार 850 रूपए, अमरूद के लिए 02 हजार 250 रूपए, केला के लिए 08 हजार 250 रूपए, पपीता के लिए 06 हजार 250 रूपए, मिर्च के लिए 04 हजार 500 रूपए और अदरक के लिए 07 हजार 500 रूपए किसानों को देना होगा। इस योजना में अऋणी कृषक को शामिल होने के लिए घोषणा पत्र के साथ फसल बोआई प्रमाण पत्र अथवा प्रस्तावित फसल बोने के आशय का स्वघोषणा पत्र सहित संबंधित अन्य अनिवार्य दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा। इसी तरह ऋणी कृषक, जो योजना में शामिल नहीं होना चाहते, उन्हें भारत सरकार द्वारा जारी चयन प्रपत्र अनुसार हस्ताक्षरित घोषणा पत्र अनुसार बीमा आवेदन की अंतिम तिथि के 07 दिवस के पूर्व तक संबंधित वित्तीय संस्थान में अनिवार्य रूप से जमा करना होगा।

## खबर संक्षेप

### रिटायर्ड टीआई ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**बिलासपुर।** रिटायर्ड टीआई ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सरकण्डा टीआई प्रदीप आर्या ने बताया, बंगालीपारा चटर्जी गली निवासी रिटायर्ड टीआई सीताराम साहू ने बुधवार की शाम अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। सूचना पर पुलिस उनके घर जाकर शव फंदे से उतरवाने के बाद मरच्यूरी में रखवाकर कमरा सील कर दिया है। आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है।

### बाइक की टक्कर से वृद्ध की मौत

**बिलासपुर।** बाइक की टक्कर से एक वृद्ध की मौत हो गई है। कोनी पुलिस के अनुसार, चुमकंवा निवासी दुर्गा नेताम 60 साल बुधवार की दोपहर 3.30 बजे गांव के मंदिर से पैदल अपने घर जा रहा था। पीछे से तेज रफ्तार बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दिया। हादसे में उनकी मौके पर मौत हो गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### चाकू लहराकर लोगों को डराने वाले दो बदमाश गिरफ्तार

**बिलासपुर।** चाकू लहराकर आने जाने वाले लोगों को डराने धमकाने वाले दो बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। 14 जुलाई को चकरभाठा टीआई भावेश शेंडे को सूचना कि मिली नयापारा के पास एक बदमाश चाकू लहराकर आने जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा है। उन्होंने स्टाप के साथ मौके पर घेराबंदी कर चकरभाठा विकास नगर निवासी राजा पाण्डेय पिता राजू पाण्डेय को पकड़कर चाकू बरामद कर लिया है। इसी तरह रहंगी चौक पर चाकू रखकर लोगों को डराने धमकाने वाले चकरभठा वार्ड क्रमांक 14 निवासी राहुल दास मानिकपुरी उर्फ राज पिता ईनम दास मानिकपुरी 19 साल को पकड़कर चाकू बरामद किया गया है। पुलिस ने 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत दोनों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है।

### नशीले टेबलेट बेचने के फिराक में घूम रहा युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** नशीले टेबलेट बेचने के फिराक में घूम रहे बाइक सवार युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि ज्वालीनाला के पास एक युवक प्रतिबंधित नशीले टेबलेट बेचने के फिराक में घूम रहा है। पुलिस ने मौके पर घेराबंदी करते हुए तेलीपारा दरबार लाज के पास रहने वाले निकेश कौशिक उर्फ वासु पिता ईश्वर कौशिक को पकड़कर 55 नग प्रतिबंधित टेबलेट व 830 रुपए बिक्री रकम जब्त किया गया है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

**जनहित याचिका पर मुख्य सचिव ने पेश किया हाईकोर्ट में जवाब**

**सभी नदियों और उनके उद्गम स्थल को राजस्व रिकार्ड में दर्ज किया जाएगा**

# अरपा के साथ प्रदेश की 19 नदियों का होगा संरक्षण, राज्य स्तरीय कमेटी करेगी काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

राज्य से निकलने वाली नदियों के उद्गम स्थल आखिर क्यों सूख रहे हैं, यह जानने और इन स्थलों को तलाशने के लिए राज्य सरकार द्वारा कमेटी बनाई जाएगी। इसके साथ ही प्रदेश की 19 नदियों के संरक्षण और संवर्धन पर यह कमेटी काम करेगी।

साथ ही चीफ सेक्रेटरी ने सभी चयनित मुख्य नदियों के उद्गम स्थल को चिन्हांकित कर सुरक्षित करने की बात हाईकोर्ट में कही। साथ ही बताया गया कि विषय विशेषज्ञों की एक टीम बनाते हुए राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के तहत नदियों को संरक्षित किया जाएगा। सुनवाई के दौरान सभी नदियों और उनके उद्गम स्थल को राजस्व रिकार्ड में दर्ज करने का आदेश हाईकोर्ट ने दिया है। दरअसल रिकार्ड में यह नदियां और उनके उद्गम स्थल फिलहाल नाले के रूप में दर्ज है। शासन द्वारा पेश जवाब में कहा गया कि 6 नदियों महानदी, हसदेव, तांदूला, पैरी, केलो, मांड के लिए कमेटी का गठन कर दिया गया है। हाईकोर्ट की फटकार के बाद शासन ने कमेटी में इतिहासकार, लेखक, पर्यावरणविद को भी शामिल किया है।



अरपा नदी के साथ ही प्रदेश की अन्य नदियों के संरक्षण और संवर्धन की मांग करते हुए लगाई गई जनहित याचिका पर सोमवार को सुनवाई हुई। हाईकोर्ट में राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि अरपा में सालभर पानी की योजना के साथ प्रदेश की 9 प्रमुख नदियों के रिवाइवल की योजना पर काम किया जा रहा है। सरकार ने इस बात पर भी सहमति जताई कि नई कमेटी गठित कर नदियों के स्रोतों की पहचान और संरचना सुनिश्चित की जाएगी।

### उद्गम विकास के लिए 4.81 एकड़ भूमि अधिग्रहित

शपथ पत्र में मुख्य सचिव की ओर से कहा गया कि राज्य के प्रमुख नदियों के पुनरुद्धार एवं पुनर्जीवित करने के लिए राज्य स्तरीय टीम बनाई गई है।इसकी बैठक भी हुई थी जिसमें सभी जिला कलेक्टरों द्वारा अपने-अपने जिले में किये गये एवं किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी गई। इसमें अरपा नदी के उद्गम स्थल का चिन्हांकन जिला स्तरीय समिति द्वारा पेण्ड्रा द्वारा किया गया है। इसके उद्गम के विकास हेतु 4.81 एकड़ भूमि अधिग्रहित की गई है। उद्गम क्षेत्र के विकास के लिए निर्माण कार्य हेतु एजेंसी का निर्धारण किया जा चुका है। साथ ही अरपा नदी पुनरोद्धार एवं पुनर्जीवन हेतु सभी संबंधित विभागों से कार्ययोजना प्राप्त की गई है। अवैध गतिविधियों पर रोक, वृक्षारोपण एवं जल संवर्धन एवं संरक्षण कार्य किए जा रहे हैं। शपथ पत्र में कहा गया कि अरपा नदी में कुल 2502 कार्य किए जा रहे हैं। इसमें कंटूर ट्रेंच, गैबियन, गली प्लग, चेक डैम, बेंच टेरेसिंग, अन्य संरचनाएं शामिल हैं।

### प्राकृतिक प्रवाह पर ध्यान देने की जरूरत

याचिकाकर्ता अरविंद शुक्ला ने बताया कि सरकार नदियों के उदगम स्थल के संरक्षण की बात तो कर रही है लेकिन इसके बाद आगे 2 किलोमीटर क्षेत्र तक के प्राकृतिक प्रवाह पर ध्यान नहीं है। इन क्षेत्रों में कब्जा करते हुए खेती हो रही है। इसे भी संरक्षित करना होगा। कहीं कोई निजी जमीन है तो उसका अधिग्रहण सरकार को करना होगा, कब्जे हटाने होंगे। इसके बाद ही नदियों का प्रवाह बेहतर हो सकेगा। हाईकोर्ट ने इस पर सहमति जताते हुए सरकार को इस तरफ ध्यान देने कहा है। ध्यान रहे कि छत्तीसगढ़ में 19 छोटी-बड़ी नदियों का उद्गम है जिन पर कब्जा हो चुका है। हाईकोर्ट ने कहा कि राज्य से निकलने वाली नदियों के उद्गम स्थल आखिर क्यों सूख रहे हैं, यह जानने और इन स्थलों को तलाशना सबसे जरूरी है।

# बिना अनुमति मीना बाजार वाले ने साइंस कालेज मैदान में कर दिए 60 गड्ढे, पूरे परिसर में कचरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

साइंस कॉलेज परिसर के खेल मैदान में मीना बाजार लगाए जाने का छात्रों और खिलाड़ियों ने विरोध किया है। इनका कहना है कि यह परिसर पढ़ाई और खेल के लिए है, न कि व्यावसायिक आयोजनों के लिए। छात्रों के मुताबिक उनके अभ्यास में रुकावट होती है। एथलीट और 'अग्निवीर' जैसी सेना की तैयारी करने वाले युवाओं का डेली रूटीन बाधित होता है। भारी पंडाल और स्टॉल लगाने से घास और मिट्टी खराब हो जाती है। इधर तमाम विरोध के बाद भी मीना बाजार वाले ने साइंस कालेज खेल मैदान में पंडाल लगाना शुरू कर दिया है। 60 से अधिक बड़े गड्ढे तीन फिट से अधिक के खोद दिए गए हैं। पूरे परिसर में कचरा फैला दिया गया है।

पिछले 15 दिनों से गवर्नमेंट ई राघवेन्द्र राव साइंस कालेज के मैदान में मीना बाजार लगाने को लेकर हंगामा और विरोध हो रहा है। मामला हाईकोर्ट तक भी पहुंचा है। कोर्ट ने नियमानुसार फैसला लेने कहा है। इधर इसका विरोध करने वाले छात्र-छात्राओं का कहना है कि कालेज प्रशासन द्वारा खेल मैदान को व्यावसायिक आयोजनों, प्रदर्शनी के लिए दिया जाता रहा है। यह मैदान कालेज में पढ़ने वाले छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रदाय किया जाता है जिसका उपयोग कालेज प्रशासन द्वारा खेल के लिए न करके व्यावसायिक रूप से किया जा रहा है, जबकि हमें खेलने के लिए बाहर जाना पड़ता है। कालेज में प्रवेश के बाद खेल गतिविधियां प्रारंभ हो जाती है इसलिए मीना बाजार प्रदर्शनी के लिए दिए जाने के निर्णय से हमें आपत्ति हैं।

**छात्रों ने कहा- यह परिसर पढ़ाई और खेल के लिए है, न कि व्यावसायिक आयोजनों के लिए**





### शर्तों के साथ दी गई है अनुमति

मीना बाजार के लिए जिला प्रशासन की ओर से शर्तों के साथ अनुमति दी गई है। आयोजकों को खेल मैदान में गड्ढे नहीं करने कहा गया है।

- डीके श्रीवास्तव, प्राचार्य, साइंस कालेज

### कालेज प्रबंधन देता है अनुमति

निगम क्षेत्र में होने के बाद भी साइंस कालेज मैदान का आधिपत्य कालेज प्रबंधन के पास है। अनुमति भी वहीं से दी जाती है। हालांकि बाद में कचरा होने पर उसे उठाना निगम को पड़ता है।

- श्रीमती पूजा विधानी, महापौर

### कचरा और कांच के टुकड़े, चोट का खतरा

छात्रों का यह भी कहना है कि खेल का मैदान छात्रों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए एकमात्र स्थान है। इस मैदान पर छात्र प्रतिदिन खेलकूद, एथलेटिक्स और पुलिस, सेना भर्ती की तैयारी के लिए शारीरिक अभ्यास करते हैं। व्यावसायिक गतिविधियों के कारण होने वाले शोर, भीड़ और कचरे से कालेज का शांत शैक्षणिक वातावरण दूषित होता है। व्यावसायिक आयोजनों के कारण टेंट, गाड़ियों की आवाजाही और भारी सामान रखने से खेल की पिच और ट्रैक पूरी तरह खराब हो जाते हैं। कार्यक्रम के बाद मैदान में भारी मात्रा में कचरा, प्लास्टिक और कांच के टुकड़े पड़े रहते हैं जिससे खिलाड़ियों को चोट लगने का गंभीर खतरा बना रहता है। इसलिए इस तरह के आयोजनों की अनुमति मैदान में देने पर रोक लगाई जाए।

# दो बाइक सवार युवकों से नकद मोबाइल की लूट, 4 गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

देर रात दो बाइक सवारों को गिराकर मारपीट कर नकद रकम व मोबाइल लूटने वाले 4 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से नकद रकम व वारदात में प्रयुक्त बाइक जब्त कर ली गई है।

रतनपुर पुलिस के अनुसार, 14 जुलाई की रात 1.30 बजे भेड़ीमुड़ा निवासी भारत कुमार सूर्यवंशी अपने मामा गांव नेवरा कोटा से बाइक में वापस घर जा रहे थे। रतनपुर कोटा मार्ग भैसाझार मोंड़ के पास दो बाइक में सवार चार लोगों ने लात मारकर उन्हें गिरा दिया। उसके बाद मारपीट कर जेब से 5 हजार रुपए लूट लिया। इसी दौरान खैरा निवासी अरूण कुमार राज को भी बाइक से गिराकर 15 हजार रुपए नकद व मोबाइल लूटकर युवक भाग गए थे। पुलिस अपराध कायम कर लुटेरों की पतासाजी में जुट गई। मुखबिर की सूचना पर टीआई निलेश पाण्डेय ने स्टाफ के साथ घेराबंदी कर भैरवबाबा मंदिर के पास रहने वाले गुलाब नरेश उर्फ राजा सारथी पिता सुकृत सारथी 21 साल को हिरासत में लेकर पूछताछ की। कड़ाई बरतने पर उसने अपने अन्य तीन साथियों के साथ मिलकर दोनों व्यक्ति से लूटपाट करना स्वीकार कर लिया। उसकी निशानदेही पर उसके साथी कलमीटार निवासी शिवप्रसाद यादव पिता मनोहर यादव 27 साल, अनवर खान पिता रज्जाक खान 18 साल, ओमप्रकाश पोर्ते पिता बुधराम पोर्ते 20 साल को गिरफ्तार कर 6 हजार 300 रुपए नकद, वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद कर लिया है। शेष लूट की रकम खर्च कर देना बता रहे हैं।

# जान पहचान का फायदा उठाकर महिला से 15 लाख के जेवर लेकर नहीं लौटाया, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** पुरानी जान पहचान का फायदा उठाते हुए शहर की एक महिला से एक व्यक्ति ने परेशानी बताते हुए धीरे धीरे कर 15 लाख रुपए के जेवर ले लिया। जेवर वापस मांगने पर वह इनकार कर उन्हें अश्लील मैसेज भेजकर धमका रहा है। पुलिस अपराध कायम कर जांच में जुट गई है।

सिविल लाइन टीआई किशोर केंवट ने बताया, शहर में रहने वाली एक महिला ने थाने में रिपोर्ट लिखाई। उनके समाज के मुंगेली निवासी कृष्ण कुमार कश्यप से पुरानी जान पहचान थी। दोनों बचपन से एक दूसरे को जानते पहचानते थे। दोनों की अलग अलग जगह में शादी हो गई है। दोनों आपस में मिलकर बातचीत किया करते थे। इसी दौरान कृष्ण कुमार ने पुराना परिचय का फायदा उठाते हुए अपनी परेशानी बताते हुए महिला से पैसे की मांग की और पैसा लौटा देने का झांसा दिया। महिला ने उसके झांसे में आकर धीरे धीरे अपना 15 लाख का जेवर उसे दे दिया। लंबा समय बीत जाने के बाद भी कृष्ण कुमार ने उन्हें जेवर वापस नहीं किया तो उन्होने उससे अपना जेवर वापस मांगा। पहले तो वह जेवर लौटाने के लिए गुमराह करता रहा। उसके बाद उसने जेवर लौटाने से साफ इनकार कर उन्हें मोबाइल में अश्लील मैसेज भेजकर परेशान कर रहा है। पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर कृष्ण कुमार के खिलाफ अमानत में खयानत का जुर्म दर्ज कर लिया है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152




# दीवार तोड़कर क्रेन से पहुंचाई गई चावल एटीएम, दो दिनों में ट्रायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

फरीदाबाद से लाई गई चावल एटीएम मशीन को बुधवार को दीवार तोड़कर क्रेन के सहारे सरकंडा स्थित उस भवन तक पहुंचाया गया, जहां उसकी स्थापना की जानी है। स्टॉलेशन के लिए दिल्ली से इंजीनियरों की टीम शहर पहुंची है, जहां दो दिनों के भीतर मशीन स्थापित कर ट्रायल देना है। खाद्य विभाग की टीम इस काम में जुटी है।

- **दिल्ली से शहर पहुंची इंजीनियरों की टीम**

जिले का पहला चावल एटीएम फरीदाबाद से शहर लाया जा चुका है। एक महिला सहित दिल्ली की इंजीनियरों की टीम इसके स्टॉलेशन के लिए काम कर रही है। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार मशीन काफी हैवी होने के कारण सरकंडा स्थित भवन के भीतर पहुंचाने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। इस दौरान 25 लेबरों की मदद से क्रेन व हाईड्रोलिक मशीनों का उपयोग कर मशीन को भीतर पहुंचाया गया, लेकिन उससे पहले भवन की दीवार तोड़नी पड़ गई।

**स्टॉलेशन में जुटा खाद्य विभाग**



### किया जाएगा ट्रायल

चावल एटीएम मशीन पहुंच चुकी है, जिसका इंजीनियरों के द्वारा इंस्टॉलेशन किया जा रहा है। सब कुछ सही रहा तो दो दिनों के भीतर मशीन का ट्रायल भी कर दिया जाएगा।

-राजीव लोचन तिवारी, एएफओ व नोडल अधिकारी

पटवारी प्रशिक्षण केंद्र के सामने स्थित बरसों से बंद पड़े उक्त भवन को काम लायक बनाने की जिम्मेंदारी नगर निगम को सौंपी गई है। भवन का निर्माण कर इसे सीसीटीवी से लैस किया जाएगा। इसी तरह नान के द्वारा चौकीदार की पदस्थापना की जाएगी। विभाग का पूरा प्रयास है कि दो दिनों के भीतर मशीन का स्टॉलेशन कर इसका ट्रायल किया जा सके।

### बरसों पुरानी खंडहर हो चुकी बिल्डिंग अब काम आएगी

पटवारी प्रशिक्षण केंद्र के सामने सरकंडा स्थित खाद्य विभाग के जर्जर हो चुके भवन, जहां करीब बारह साल पहले राशन दुकान स्थापित करने के उद्देश्य से भवन बनाया गया था। राशन दुकान तो नहीं खुल सका, लेकिन भवन जर्जर हालत में खड़ा रहा। खाद्य विभाग ने चावल एटीएम के लिए कहीं किराए का भवन लेने के बजाए उस जर्जर भवन को ही सुधारकर अब काम में लेने का मन बनाया है। इसकी प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। नगर निगम निर्माण एजेंसी के रूप में काम कर रहा है।

